कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 294, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 20 नवंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महीनेभर चलने वाले काशी तमिल संगमम का किया उद्घाटन, तमिल दिलों में काशी के लिए अविनाशी प्रेम न अतीत में कभी मिटा न भविष्य में कभी मिटेगो, तमिल ग्रंथ तिरुक्कुरल का अन्य भारतीय भाषाओं में अनुवादित पुस्तकों का किया लोकार्पण**

# 'पवित्र है काशी-तमिलनाडु का संगम'

**वाराणसी:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को काशी तमिल संगमम का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने तमिल भाषा में रचित ग्रंथ तिरुक्कुरल का कई अन्य भारतीय भाषाओं में अनुवादित पुस्तकों का विमोचन और तमिलनाडु से काशी आये छात्र-छात्राओं से संवाद किया। प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु के विभिन्न धर्मस्थलों व मठों के आधिनम (धर्मगुरुओं) को सम्मानित किया। उनके साथ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान भी मौजूद रहे। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने हर हर महादेव, वणक्कम काशी, वणक्कम तमिलनाडु कहकर सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हमारे देश में संगमों की बड़ी महिमा है। नदियों-धाराओं के संगम से लेकर विचारों और विचाधाराओं, ज्ञान-विज्ञान और समाज एवं संस्कृतियों के हर संगम को हमने सेलिब्रेट किया है। ये सेलीब्रेशन वास्तव में भारत की विविधताओं और विशेषताओं का सेलीबेशन है। आज हमारे सामने एक ओर पूरे भारत को अपने आप में समेटे हुए हमारी सांस्कृतिक राजधानी काशी है तो दूसरी ओर भारत की प्राचीनता और गौरव का केंद्र हमारा तमिलनाडु और तमिल संस्कृति है। ये संगम भी गंगा यमुना की तरह ही पवित्र है। ये गंगा यमुना जैसी अनंत संभावनाओं और सामर्थ्य को अपने में समेटे हुए है।

तमिल युवाओं की नई यात्रा से काशी यात्रा को जोड़ा जाता है। ये तमिल दिलों में काशी के लिए अविनाशी प्रेम ना अतीत में कभी मिटा ना भविष्य में कभी मिटेगा। यही एक भारत श्रेष्ठ भारत की परंपरा है, जिसे हमारे पूर्वजों ने जिया था। आज ये काशी तमिल संगमम फिर से उस गौरव को आगे बढ़ा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि काशी के निर्माण और विकास में तमिलनाडु ने अभूतपूर्व विकास दिया। तमिलनाडु के डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को आज भी काशी याद करती है। ये बीएचयू के पूर्व कुलपति रहे हैं। महान वैदिक विद्वान राजेश्वर शास्त्री जी ने यहां रामघाट पर सांगवेद विद्यायल की स्थापना की। पट्टाभिराम शास्त्री जी हनुमान घाट पर रहे। उन्हें भी काशी में हमेशा याद किया जाता है। आप काशी भ्रमण करेंगे तो देखेंगे कि हरिश्चंद्र घाट पर तमिल शैली का काशी कामकोटी पंचायतन मंदिर बना है। केदारघाट पर 200 साल पुराना कुमारस्वामी मठ और मार्कण्डेय आश्रम है। हनुमानघाट और केदारघाट में बड़ी संख्या में तमिलनाडु के लोग रहते हैं, जिन्होंने पीढ़ियों से काशी में अपना योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि






तमिलनाडु की एक और महान विभूति महान कवि सुब्रमण्यम भारती लंबे समय तक काशी में रहे। यहीं मिशन कॉलेज और जयनारायण कॉलेज में उन्होंने पढ़ाई की। अपनी पॉपुलर मूछें भी उन्होंने यहीं रखी थीं। महापुरुषों ने काशी और तमिलनाडु को एक सूत्र में बांधकर रखा है। काशी तमिल संगमम का ये आयोजन तब हो रहा है जब भारत ने अपनी आजादी के अमृत काल में प्रवेश किया है। भारत वो राष्ट्र है जिसने हजारों वर्ष से एक दूसरे के मनोभाव को जानकर, सम्मान करते हुए स्वाभाविक सांस्कृतिक एकता को जिया है। हमारे देश में सुबह उठकर 12 ज्योर्तिलिंगों को याद करने की परंपरा है। हम स्नान करते समय भी गंगा यमुना से लेकर गोदावरी और कावेरी तक की नदियों में स्नान करने की भावना प्रकट करते हैं।

**काशी तमिल संगमम राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिए ऊर्जा देगा**

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें आजादी के बाद हजारों वर्षों की परंपरा और विरासत को मजबूत करना चाहिए था, लेकिन दुर्भाग्य से इसके लिए बहुत प्रयास नहीं किये गये। काशी तमिल संगमम आज इस संकल्प के लिए एक प्लेटफार्म बनेगा। हमें राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिए ऊर्जा देगा। विष्णुपुराण का एक श्लोक हमें बताता है कि भारत का स्वरूप क्या है। भारत वो है जो हिमलाय से लेकर हिन्द महासागर तक सभी विविधताओं को समेटे हुए है और उसकी हर संतान भारतीय है। तमिल संगम साहित्य में गंगा का बखान किया गया है। तिरुक्कुरल में काशी की महिमा गाई गयी है। ये भौतिक दूरियां और ये भाषा भेद को तोड़ने वाला अपनत्व ही था जो स्वामी कुमरगुरुपर तमिलनाडु से काशी आए और इसे अपनी कर्मभूमि बनाया। स्वामी कुमरगुरुपर ने यहां केदारघाट पर केदारेश्वर मंदिर का निर्माण कराया। बाद में उनके शिष्यों ने तंजावुर जिले में काशी विश्वनाथ मंदिर का निर्माण कराया।

**दक्षिण के विद्वानों के भारतीय दर्शन को समझे बिना हम भारत को नहीं जान सकते:** उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में जन्मे रामानुजाचार्य ने काशी से कश्मीर तक की यात्रा की थी।

आज भी उनके ज्ञान को आधार माना जाता है। मेरे शिक्षक ने मुझसे कहा था कि तुमने रामायण महाभारत पढ़ी होगी, लेकिन अगर इसे गहराई से समझना है तो राजाजी ने जो महाभारत लिखी है उसे जरूर पढ़ना। रामानुजाचार्या, शंकराचार्य, राजाजी और सर्वपल्ली राधाकृष्णन तक दक्षिण के विद्वानों के भारतीय दर्शन को समझे बिना हम भारत को नहीं जान सकते।

### तमिल विरासत को बचाना 130 करोड़ देशवासियों की जिम्मेदारी

**प्रधानमंत्री ने** कहा कि भारत ने अपनी विरासत पर गर्व का पंच प्राण सामने रखा है। दुनिया में किसी भी देश के पास कोई प्राचीन विरासत होती है तो वो उसपर गर्व करता है। उसे गर्व से दुनिया के सामने प्रस्तुत करता है। मिस्र के पिरामिड से लेकर इटली के कॉलेजियम जैसे कितने ही उदाहरण हमारे सामने हैं। हमारे पास भी दुनिया की सबसे प्राचीन भाषा तमिल है। आज तक ये भाषा उतनी ही पॉपुलर और लाइव है। दुनिया की सबसे प्राचीन भाषा भारत में है ये बात जब दुनियावालों को पता चलती है तो उन्हें आश्चर्य होता है, मगर हम उसके गौरवगान में पीछे रहते हैं। ये हम 130 करोड़ देशवासियों की जिम्मेदारी है कि हमें तमिल की इस विरासत को बचाना है। उसे समृद्ध करना है। तमिल को भुलाएंगे तो देश का नुकसान होगा। तमिल को बंधनों में बांध कर रखेंगे तो भी देश का नुकसान होगा। हमें भाषा भेद को दूर करें भावनात्मक एकता कायम करना है।

मेरी काशी आपके सत्कार में कोई कमी नहीं छोड़ेगी: प्रधानमंत्री ने कहा कि काशी तमिल संगमम शब्दों से ज्यादा अनुभव का विषय है। तमिलनाडु से आये हुए सभी अतिथियों की काशी यात्रा उनकी मेमोरी से जुड़ने वाली है।

# अरुणाचल: पहला ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का हुआ उद्घाटन

**ईटानगर:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अरुणाचल प्रदेश में एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। ये अरुणाचल का पहला ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट है, जिसका नाम डोनी पोलो एयरपोर्ट है। इटानगर में बना ये एयरपोर्ट 640 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुआ है। इसके अलावा उन्होंने ईटानगर में 600 मेगावाट का कामेंग हाइड्रो पावर स्टेशन राष्ट्र को समर्पित किया। मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा जनता जानती है कि हम एक कार्य संस्कृति लेकर आए हैं, जहां जिन परियोजनाओं का हमने शिलान्यास किया है, उनका उद्घाटन भी करते हैं। हमारा काम अटकाना, लटकाना, भटकाना नहीं है, इसका युग चला गया है।

**राजनीतिक टिप्पणीकारों के मुंह पर तमाचा:** उन्होंने कहा, '2019 में जब मैंने इसका शिलान्यास किया, तब चुनाव होने वाले थे। कई राजनीतिक टिप्पणीकारों ने शोर मचाया कि कोई एयरपोर्ट नहीं बनने वाला है।




मोदी वोट के कारण पत्थर खड़ा कर रहे हैं। आज का उद्घाटन उनके मुंह पर तमाचा है।'

**अटल जी की सरकार ने पूर्वोत्तर के विकास का प्रयास किया:** आजादी के बाद पूर्वोत्तर एक अलग युग का गवाह बना। दशकों तक क्षेत्र उपेक्षा का शिकार रहा है, जब अटल जी की सरकार आई तो पहली बार इसे बदलने का प्रयास किया गया। यह पहली सरकार थी जिसने पूर्वोत्तर के विकास के लिए एक अलग मंत्रालय बनाया। इसके बाद जो सरकारें आईं, उन्होंने गति को आगे नहीं बढ़ाया। परिवर्तन का एक और युग आया जब आपने मुझे अपनी सेवा करने का अवसर दिया। पहले की सरकारें सोचती थीं कि पूर्वोत्तर बहुत दूर है। सीमावर्ती क्षेत्रों के गांवों को अंतिम गांव माना जाता था, लेकिन हमारी सरकार ने उन्हें पहले देश का गांव माना ।

**690 एकड़ में फैला है एयरपोर्ट:** इस एयरपोर्ट की आधारशिला पीएम ने 2019 में रखी थी। डोनी पोलो एयरपोर्ट का नाम अरुणाचल प्रदेश में सूर्य (डोनी) और चंद्रमा (पोलो) के प्रति सदियों पुरानी स्वदेशी श्रद्धा को दर्शाता है। यह एयरपोर्ट करीब 690 एकड़ में फैला है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसके निर्माण में 640 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। 2300 मीटर रनवे के साथ यह एयरपोर्ट सभी मौसम में ऑपरेट हो सकेगा। एयरपोर्ट पर इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम लगाया गया है, जिसमें एक ग्लाइडपथ, एक लोकलाइजर, और दूरी मापने के डिवाइस शामिल हैं। इससे हर मौसम में एयरपोर्ट पर ऑपरेशन में मदद मिलेगी। राज्य में मौसम का सटीक अनुमान नहीं लगाया जा सकता है ।

# 'आतंकवाद लोकतंत्र-आर्थिक प्रगति के लिए नासूर'

**नई दिल्ली:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि आतंकवाद लोकतंत्र, मानवाधिकार और आर्थिक प्रगति के लिए नासूर है और कोई भी देश इसे अकेले नहीं हरा सकता। उन्होंने आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए दुनिया के देशों को एकजुट होने की अपील की। शाह आज यहां आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला विषय पर तीसरे नो मनी फॉर टेरर मंत्रीस्तरीय सम्मेलन के आतंकवाद और आतंकवादियों को वित्त उपलब्ध कराने की वैश्विक प्रवृत्ति विषय पर आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित कर रहे



थे। शाह ने कहा कि उनका स्पष्ट मानना है कि आतंकवाद लोकतंत्र, मानवाधिकार, आर्थिक प्रगति और विश्व शांति के खिलाफ नासूर है, जिसे जीतने नहीं देना है । उन्होंने कहा कि कोई भी एक देश या संगठन आतंकवाद को अकेला नहीं हरा सकता।

# एयर इंडिया में मर्ज हो सकता है विस्तारा ब्रांड

**मुंबई:** टाटा ग्रुप एअर इंडिया के तहत अपने चार एयरलाइन ब्रांड को मर्ज करने और विस्तारा ब्रांड को खत्म करने पर विचार कर रहा है। ग्रुप यह कवायद लड़खड़ाते एविएशन एम्पायर को फिर से खड़ा करने के प्रयासों के तहत कर रहा है। घटनाक्रम से करीबी तौर पर जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी। विस्तारा एयरलाइंस, टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस का जॉइंट वेंचर है। कंपनी जॉइंट यूनिट में हिस्सेदारी के आकार का मूल्यांकन कर रही है। सिंगापुर एयरलाइंस ने एक बयान में कहा है कि रक्अ और टाटा ग्रुप के बीच बातचीत चल रही है। टाटा मौजूदा साझेदारी को गहरा करना चाहते हैं। इसके लिए विस्तारा और एयर इंडिया का एकीकरण भी किया जा सकता है।

**एविएशन कंपनी को दोबारा खड़ा करना चाहती है टाटा ग्रुप:** एअर इंडिया का नया मालिक टाटा ग्रुप इस कंपनी को दोबारा खड़ा करने की तैयारी कर रहा है। इस कड़ी में फुल सर्विस कैरियर 300 से अधिक नैरो-बॉडी जेट के लिए ऑर्डर देने पर विचार कर रही है। यह लेनदेन कमर्शियल एविएशन हिस्ट्री के अब तक के सबसे बड़े ऑर्डर में से एक होगा।

# 'मोदी को तीसरी बार पीएम बनाना देश की जरूरत'

**कच्छ:** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को कच्छ की चुनावी रैली में कहा- अगर देश में कोई मजबूत नेता नहीं होगा तो हम अपने समाज की रक्षा नहीं कर पाएंगे। मोदी को जिताना बहुत जरूरी है, अगर वे नहीं जीते तो हर शहर में आफताब पैदा होगा।

**मोदी को तीसरी बार पीएम बनाना देश की जरूरत:** बिस्वा ने कि केंद्र में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना देश की जरूरत है। बिस्वा ने श्रद्धा हत्याकांड को 'लव जिहाद' का भयावह रूप बताते हुए कहा कि आफताब बहला-फुसलाकर श्रद्धा को मुंबई से दिल्ली ले आया और लव जिहाद के नाम पर उसके 35 टुकड़े कर दिए। एक



लड़की की लाश फ्रिज में रखी थी। इसके बावजूद दूसरी लड़की को घर लाकर डेट करने लगा।

**कॉमन सिविल कोड भी आएगा:** असम के मुख्यमंत्री बिस्वा ने भी आगे कहा कि बीजेपी मुस्लिम महिलाओं का सम्मान करती है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक की प्रथा से मुक्ति मिली है। नरेंद्र मोदी ने जो काम किया, उसे शांति से पूरा किया। कश्मीर से धारा 370 हटाई, तीन तलाक की प्रथा को खत्म किया। सब कुछ सुचारु रूप से चला और कहीं कोई हंगामा नहीं हुआ। अब सब्र रखो, कॉमन सिविल कोड भी आ जाएगा और चार-चार शादियों से छुटकारा मिल जाएगा।

**1 और 5 दिसंबर को होगा मतदान:** राज्य में पहले चरण की वोटिंग 1 दिसंबर को होगी, जबकि दूसरे चरण की वोटिंग 5 दिसंबर को होगी। वहीं, दोनों चरणों की मतगणना 8 दिसंबर को होगी। पहले चरण की वोटिंग प्रक्रिया के लिए गजट नोटिफिकेशन 5 नवंबर को और दूसरे चरण की वोटिंग प्रक्रिया के लिए 10 नवंबर को जारी हुआ था। स्क्रूटनी पहले चरण के लिए 15 नवंबर को होगी, जबकि दूसरे चरण के लिए 18 नवंबर की तारीख तय है।

# केसीआर की बेटी ने बीजेपी सांसद को दी धमकी

**हैदराबाद: तेलंगाना के सीएम के. चंद्रशेखर राव** की बेटी और टीआरएस एमएलए के. कविता भाजपा सांसद अरविंद धर्मपुरी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। उन्होंने सांसद को बीच चौराहे पर चप्पल से मारने की धमकी दी। कविता ने कहा- अरविंद गंदगी की तरह हैं। हम उन पर पत्थर नहीं फेंकते। वह छिछोरा किस्म के व्यक्ति हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसा व्यक्ति भाजपा में है। अगर आप इस तरह की भाषा का इस्तेमाल करना जारी रखेंगे, तो मैं आपको निजामाबाद के चौराहे पर चप्पलों से पीटूंगी। हम चुप नहीं बैठेंगे। अरविंद ने इस मामले हैदराबाद के बंजारा हिल्स पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है।

**क्या है पूरा मामला:** दरअसल एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान अरविंद पर मुख्यमंत्री के परिवार के बारे में एक अश्लील टिप्पणी करने का आरोप लगा था। इसके बाद बीते शुक्रवार को भाजपा नेता के हैदराबाद स्थित घर पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। उनके घर में जमकर तोड़फोड़ की। घर की खिड़की और फर्नीचर में तोड़फोड़ डाले। सांसद के खिलाफ नारेबाजी की और उनके पुतले भी फूंका।

**सावरकर पर राहुल का बयान तोड़ सकता है कांग्रेस-शिवसेना गठबंधन**

# कांग्रेस-शिवसेना गठबंधन में पड़ी फूट!

**नई दिल्ली:** वीर सावरकर पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान से महाराष्ट्र में राजनीति तेज हो गई है। राहुल के बयान के बाद उद्धव ठाकरे गुट वाली शिवसेना कांग्रेस से गठबंधन तोड़ सकती है। उद्धव गुट के नेता अरविंद सावंत ने कहा कि हम राहुल गांधी के बयान से सहमत नहीं हैं। हम सावरकर की इज्जत करते हैं, उनके खिलाफ कुछ भी सुनना पसंद नहीं। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने भी राहुल गांधी के इस बयान से असहमति जताई है। उन्होंने कहा कि हमारे मन में वीर सावरकर के लिए बहुत सम्मान और विश्वास है और इसे मिटाया नहीं जा सकता। उद्धव ने केंद्र सरकार से सवाल किया कि वे सावरकर




को भारत रत्न क्यों नहीं देते? आदित्य ठाकरे ने आज मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राहुल गांधी के बयान पर कहा कि मेरा भी वही स्टैंड का जो पार्टी के अन्य नेताओं का है। आदित्य इसी हफ्ते कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में राहुल के साथ शामिल हुए थे। उद्धव गुट के नेता अरविंद सावंत ने कहा कि हम सावरकर को लेकर राहुल गांधी के बयान से सहमत नहीं है। महाराष्ट्र मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा महाराष्ट्र के लोग हिंदू विचारक व्यक्ति का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। वहीं, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस बोले कि राहुल गांधी बड़ी बेशर्मी से झूठ बोलते हैं। राहुल के इस बयान के बाद से बीजेपी कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे हैं। शुक्रवार को बीजेपी कार्यकर्ता कांग्रेस के पुणे कार्यालय में घुसे गए।

**राहुल बोले- सावरकर ने डरकर माफी भी मांगी थी:** राहुल गांधी ने गुरुवार को महाराष्ट्र के अकोला में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सावरकर की चिट्ठी दिखाई। राहुल ने दावा किया कि सावरकर ने ये चिट्ठी अंग्रेजों को लिखी थी।

# शीतकाल के लिए बंद हुए बदरीनाथ के कपाट

**जोशीमठ:** बद्रीनाथ धाम के कपाट शनिवार को अपराहन 3 बजकर 35 मिनट पर विधि विधान से शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं। इस मौके पर करीब 10000 तीर्थ यात्रियों ने अंतिम पूजा में प्रतिभाग किया। अंतिम दिन सेना के मधुर बैंड की धुनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। कपाट बंद होने के बाद कुबेर और उद्धव जी की उत्सव मूर्ति डोली बामणी गांव के लिए रवाना हुई। इस मौके पर ज्योतिर्माठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज और बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय भी मौजूद रहे। इस वर्ष 17 लाख 60 हजार से



अधिक तीर्थयात्रियों ने बदरीनाथ धाम के दर्शन किए, जो अब तक का रिकॉर्ड है।

**महिलाओं की ओर से तैयार किए गए घृत कंबल ओढाया गया:** बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि माणा गांव की महिला मंगल दल की महिलाओं की ओर से तैयार किए गए।

## श्री कृष्ण गोविन्द हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेवा

**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** आदर्श गेस्टहाऊस जंघई बाईपास प्रांगण में आयोजित भागवत कथा में अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास रामानुजाचार्य श्रीधराचार्य महाराज ने कहा कि जब-जब धरती पर आसुरी शक्ति हावी हुईं, परमात्मा ने धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेकर पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की। मथुरा में राजा कंस के अत्याचारों से व्यथित होकर धरती की करुण पुकार सुनकर नारायण ने कृष्ण रुप में देवकी के अष्टम पुत्र के रूप में जन्म लिया और धर्म और प्रजा की रक्षा कर कंस का अंत किया। सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाते हुए महाराज ने श्रद्धालुओं के बीच भागवत के विभिन्न प्रसंगों



का वर्णन करते हुए चौथे दिवस का वर्णन किया।कहा कि जीवन में भागवत कथा सुनने का सौभाग्य मिलना बड़ा दुर्लभ है। जब भी हमें यह सुअवसर मिले, इसका सदुपयोग करना चाहिए कथा सुनते हुए उसी के अनुसार कार्य करें। कथा का सुनना तभी सार्थक होगा जब उसके बताए हुए मार्ग पर चलकर परमार्थ का काम करें। उन्होंने रामकथा का संक्षिप्त में वर्णन करते हुए कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने धरती को राक्षसों से मुक्त करने के लिए अवतार धारण किया। कथा में कृष्ण जन्म का वर्णन होने पर समूचा पांडाल खुशी से झूम उठा। मौजूद श्रद्धालु भगवान कृष्ण के जय जयकार के साथ झूमकर कृष्ण जन्म की खुशियां मनाई। कथा सुनने के लिए बाजार तथा आसपास गांव से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।इस अवसर पर मुख्य यजमान रामेश्वर प्रसाद ऊमरवैश्य, मीरा देवी, मनोज कुमार, मनीष कुमार, आशीष कुमार, पवन कुमार, कृष्ण कुमार, कामता प्रसाद, राधेश्याम तिवारी, शिवधारी दुबे, मिलन दुबे, सूर्य प्रकाश शुक्ला, राजेश शुक्ला, बच्चन मिश्रा प्रधान, चंद्रमणि तिवारी, पिंटू शर्मा, राजू भाईसाहब, मनोज दुबे, प्रदीप कुमार, महेंद्र जायसवाल, धर्मराज तिवारी, विवेक कुमार जायसवाल, शैलेश पाठक, आयुष जायसवाल, राजन जायसवाल, सुभाष चन्द्र गुप्ता, सचिन सिंह, भरत लाल, कान्हा, किशन, शिवांश, शिवाय, कार्तिक, सावन, शुभ, श्रेयांश, श्याम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## रामनगरी वाटिका में रामलीला का मंचन शुरू

**शंकरगढ़।** विकास खंड शंकरगढ़ के शिवराजपुर में 17 नवंबर से रामलीला कमेटी के द्वारा रामलीला का मंचन शुरू किया गया है। रामलीला का आयोजन रंगीले बाबा के गेस्ट हाउस रामनगरी वाटिका में किया जा रहा है। पहले दिन नारद मोह का मंचन किया गया। शिवराजपुर में यादव पेट्रोल पंप के बगल स्थित गेस्ट हाउस में गुरुवार रात्रि से नारद मोह के उपरांत मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्म के दृश्य का मंचन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक रंगीले बाबा मिश्र एवं अरविंद कुमार मिश्र उर्फ गुड्डा मिश्र ने सभी सम्मानित क्षेत्रवासियों से अपने दैनिक कार्यों से समय निकालकर रामलीला कार्यक्रम में पहुंचकर भगवान से अभिनव लीलाओं का अनुसरण करने एवं कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## 26 सेकंड मे बच्चों द्वारा बताया गया 75 जिलों का नाम

**अखंड भारत संदेश**

**उतरांव।** उतरांव क्षेत्र के समोधिपुर गांव स्थित महात्मा गौतम बुद्ध बालिका जूनियर हाई स्कूल के बच्चों द्वारा उत्तर -प्रदेश के 75 जिलों के नाम कुछ ही सेकंड में सुनाया गया ' जिसमें कक्षा 3 से कक्षा 8तक के छात्र छात्रा शामिल थे 'जिसमें प्रथम स्थान कक्षा 4के छात्र मुजम्मिल अंसारी ने 26सेकेंड में सुनाया।

वहीं कक्षा 4 के छात्र आयुष पटेल ने 28 सेकेंड,तथा कक्षा 5के छात्र वीरेंद्र पटेल ने 30सेकेंड में 75 जिलों का नाम सुनाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। समाजसेवी शिमला सिंह द्वारा बच्चों को पुरस्कार



देकर हौसला बढ़ाया 'विद्यालय के प्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने बच्चों को शाबाशी देते हुए छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया।

विद्यालय के प्रधनाचार्य अधिवक्ता रणजीत सिंह कानपुरी ने बताया की बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए ऐसे ही अन्य शैक्षिक कार्यक्रम किया जाता है। इस मौके पर उप प्रधनाचार्य रामचंद्र मौर्य, सहायक अध्यापक शीतला प्रसाद, सतीश सिंह कानपुरी व सहायक अध्यापिका शिवांशी सिंह कानपुरी, अन्नू कुशवाहा, खुशबू मौर्या, रश्मी वर्मा मौजूद रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा में हुआ श्रीकृष्ण जन्म एवं नंदोत्सव का वर्णन

**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** लोककल्याणार्थ चल रही श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ तातारगंज में कथा के पांचवे दिन में कथाव्यास आचार्य श्यामसुंदर त्रिपाठी महाराज के द्वारा शुक्रवार को वामन अवतार, नरसिंह अवतार व श्रीकृष्ण जन्म की कथा एवं नंदोत्सव का वर्णन किया गया। साथ ही भूत भवन भोलेनाथ के विवाह की प्रस्तुति की गई ।इस कार्यक्रम के यजमान विजय शंकर पांडेय एवं दान बहादुर सिंह सपरिवार व क्षेत्र व गांव के सैकड़ो भगवत भक्त मौजूद रहे।

श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि कंस की कारागार में वासुदेव- देवकी के भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन-पालन



नंदबाबा के घर में हुआ था। इसलिए नंदगांव में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया। कृष्ण जन्म की खुशी में शुक्रवार को कथा स्थल को विशेष रूप से सजाकर माखन मिश्री का प्रसाद वितरण किया गया तथा भक्तों ने नाच कूदकर नंदोत्सव मनाया। इस मौके पर पूर्व प्रधानाचार्य चंद्रशेखर पांडेय ,पूर्व एसडीएम राधेश्याम पाठक,नन्हे धंधोरा ,कमलाकांत द्विवेदी, डीएस बाबू, राजाबाबू पाठक, हरिज्ञान सिंह ,कल्लू सिंह,विनोद पांडेय,भोला नाथ पांडेय,शंकर सिंह आदि दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## न्यू गो आश्रय स्थल पनासा का सीडीओ ने किया निरीक्षण दिया आवश्यक निर्देश

**करछना।** मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरी शनिवार को विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत पनासा एवं मुंगारी गांव का औचक निरीक्षण कर विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी ली और दिशा निर्देश दिए सबसे पहले मैं ग्राम पंचायत मुगांरी में अमृत वाटिका, स्मृति वन ,अमृत सरोवर का स्थली निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए तत्पश्चात ग्राम पंचायत पनासा में न्यू गो आश्रय स्थल का भी निरीक्षण किया तथा हो रहे कार्य के प्रति संबंधित ब्लॉक कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया उन्होंने कहा कि पशुओं के रखरखाव की समस्या से निपटने के लिए न्यू ग आश्रय का निर्माण जल्द से जल्द पूरा किए जाने का दिशा निर्देश दिया साथ ही गांव के अन्य कार्यों का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस मौके पर खंड विकास अधिकारी देव कुमार ,जेई उमेश कुमार, मनरेगा प्रभारी मनीष शुक्ला, सचिव महेश कुमार ,प्रधान नागेंद्र पांडे, सहित बड़ी संख्या में ब्लाक कर्मी और गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

## श्री सिद्ध मानस मंदिर में हुई लाखों की चोरी, पुलिस कर रही जांच

**अखंड भारत संदेश**

**मेजारोड।** मेजारोड चौराहे पर ग्राम सभा पाती में श्री सिद्ध मानस मंदिर मेजारोड,दुर्गा मंदिर और गांव में स्थित हनुमान मंदिर में लगभग 3 लाख से ऊपर की हुई चोरी। बता दें कि श्री सिद्ध मानस मंदिर पाती मेजारोड में बीती रात चोरों ने भगवान को भी नहीं छोड़ा। एक रात में तीन मंदिरो की चोरी की सूचना सुनते ही श्री सिद्ध मानस प्रचारणी मंदिर के अध्यक्ष नित्यानंद उपाध्याय मंदिर में आए और मेजारोड चौकी प्रभारी रामभवन वर्मा को घटना की जानकारी दी।

चोरी की घटना सुनते ही चौकी प्रभारी मंदिर पहुंचे और पूछ ताछ की।मौके पे पुजारी जी ने बताया की की चोरों ने हनुमान जी का कीमती गदा,चांदी का मुकुट,दुर्गा जी का



नथ,बैठने का आसन,लक्ष्मी नारायण का कीमती सामान जैसे कीमती आभूषण को उठा ले गए।पुजारी जी ने कहा की चोर चोरी करने के बाद मंदिर से साड़ी के माध्यम से नीचे पीछे की ओर उतर के गया।जैसा की मौके पे देखा गया है। चोरी करने के पहले पुजारी जी के कमरे को बाहर से बंद कर के चोरी की।सुबह जब पुजारी जी उठे तो कमरे के बाहर निकलने की कोशिश की तो देखा बाहर से बंद है।फोन के माध्यम से नित्यानंद उपाध्याय को फोन कर के जानकारी दी।

गांव में हनुमान मंदिर चोरी की घटना थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर मिश्रा को पता चला तो पुलिसमय के साथ मंदिर पहुंचे और जांच कर सीसीटीवी के रिकॉर्डिन को देखा। मौके की सूचना जमुनापार एसपी सौरभ दिक्षित, व डाग स्क्वायड को दी।दुर्गा मंदिर प्रभारी मेजा ने कहा की जल्द से जल्द इस चोरी की घटना में का खुलासा करेंगे।जिन्होंने यह काम किया है वह किसी भी हाल में छोडे नही जायेंगे। मौके पे घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। जिसके माध्यम से इस घटना का खुलासा होगा।इस चोरी से पूरे गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है कि चोरों ने भगवान को भी नहीं छोड़ा। अगर इस तरह से चोरों का हौसला बुलंद रहेगा तो हम लोगों का क्या होगा... ?चोरी की घटना जैसे ही चौकी प्रभारी कोहड़ार की मिली तो मौके पर पहुंचे। चोरी की घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है मेजर प्रभारी ने आश्वासन दिया है जल्द से जल्द चोरों को पकड़ा जाएगा। चोरी की घटना सुनते ही व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय,मुन्ना पांडे,सिद्धांत तिवारी, डब्लु ओझा,नाथू गुप्ता सहित गांव के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## जिला अधिकारी की अध्यक्षता में बारा तहसील का संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**बारा।** बारा तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस अध्यक्षता आज जिलाधिकारी प्रयागराज संजय खत्री ने किया समाधान दिवस में सबसे ज्यादा मामले राजस्व की रहे संपूर्ण समाधान दिवस में आज अजीबोगरीब मामले आए एक मामला लालापुर थाना अंतर्गत ग्राम जोंधी मझियारी का आया प्रार्थी राजेंद्र कुमार पुत्र जंगलिया निवासी ग्राम जोंधी मझियारी जोकि दोनों पैर से दिव्यांग है प्रार्थी ने आरोप लगाया कि उनकी ग्रामसभा में कुछ दबंगों के द्वारा चक मार्ग पर अवैध कब्जा कर लिया गया है प्रार्थी के द्वारा वाद संख्या 160 वर्ष /2015/ 2016 अंतर्गत धारा 122 बी जे 0वि 0अधि0 न्यायालय तहसीलदार द्वारा इलाहाबाद द्वारा रास्ता की उक्त आराजी नंबर13मि0 रकवा 0.023 हे0 स्थित मौजा जोंधी मझियारी पर से विपक्षी दबंगों



को बेदखल करने का आदेश एवं क्षतिपूर्ति एवं निष्पादन व्यय शुल्क आरोपियों द्वारा जमा करा कर उक्त चक मार्ग को खाली कराकर बेदखली का आदेश दिया था लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई आदेश हुए 6 वर्ष बीत गए लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हो पाई प्रार्थी को केवल आश्वासन दिया जाता है ऐसा ही एक मामला ग्राम सभा पिपराव थाना बारा जनपद प्रयागराज का आया प्रार्थी का आरोप है कि उसकी भूमिधारी भूखंड संख्या 280 रकबा 0.2850 हे0 स्थित ग्राम पिपराव थाना बारा तहसील बारा जोकि प्रार्थी की भूमि धरी है उक्त घूम रही पर कुछ दबंगों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है प्रार्थी ने जिला न्यायालय में अपील किया न्यायालय के आदेश अनुसार उक्त भूमि धरी पर प्रार्थी का ही कब्जा रहेगा पैमाइश पैमाइश का आदेश भी हुआ जिसमें लेखपाल एवं कानून को के द्वारा अवैध तरीके से नाप किया गया प्रार्थी अपनी निजी जमीन का उपयोग नहीं कर पा रहा है प्रार्थी की जमीन पर अवैध कब्जा बरकरार है प्रार्थी से जानकारी लेने पर उसने बताया कि जब लेखपाल और कानूनगो के पास जाओ तो वह केवल बहाना बताते हैं राजस्व कर्मियों के द्वारा खुलेआम हो रही अदालतों की अवहेलना कब रुकेगी कब तक भटकते रहेंगे फरियादी समाधान दिवस में आज प्रमुख रूप से जिलाधिकारी प्रयागराज संजय खत्री उप जिला अधिकारी बारा तहसीलदार बारा खंड विकास अधिकारी शंकरगढ़ खंड विकास अधिकारी जसरा पुलिस अधीक्षक यमुनापार के अलावा शिक्षा विभाग विद्युत विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## डीएम और एसएसपी ने समाधान दिवस में सुनी कुल 276=शिकायतें,

**अखंड भारत संदेश**

**कोराव।** प्रयागराज।सम्पूर्ण समाधान दिवस में संजय कुमार खत्री जिलाधिकारी प्रयागराज और एसएसपी शैलेस कुमार पांडेय सहित जिले के कई अधिकारी उपस्थित रहे। डीएम श्री खत्री ने प्राप्त कुल 276 फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित को निस्तारण के आदेश दिए।इसमें से मात्र 08, शिकायतों का तुरंत निस्तारण हुआ। ज्यादातर मामले राजस्व विभाग के दिखे। बाकी विद्युत, विकास,सिंचाई,क्राइम, बेसिक शिक्षा पंचायतीराज,आपूर्ति विभाग,श्रम विभाग,जल निगम, पीडब्ल्यूडी,स ।हित कई विभागों की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निदान का आदेश डीएम ने दिया। राजापुर ग्राम सभा सहित कई ग्रामों की माहिलाओं ने मनरेगा की मजदूरी न मिलने आवास लाभार्थियों की आवास निर्मित हो जाने के बाद भी साल भर गुजर जाने पर मजदूरी का पैसा न दिए जाने की शिकायतें की। डीएम ने पीडी और

### समाधान दिवस में फरियादे सुनते डीएम और एसएसपी प्रयागराज



डीडीओ को कार्यवाही का आदेश दिया। इसी प्रकार खीरी मांडा कोरांव आदि थानों से संबंधित शिकायतों को थानाध्यक्षों को कार्यवाही का निर्देश दिया गया।

इसी प्रकार भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारियों में एक ज्ञापन सौंपा। साथ ही ग्राम प्रधान संगठन ब्लॉक कोरांव के अध्यक्ष रामानुज ।यादव,अहद अहमद सिद्दीकी मुख्तार अहमद,सहित कई प्रधानों ने डीएम को ज्ञापन दिया और अपनी समस्याओं से अवगत किया। जिसमे मनरेगा का ब्लॉक से पैसा न आने प्रधानों की क्षेत्रीय अधिकारियों कर्मियों द्वारा उपेक्षा किए जाने आदि बिंदुओं को ज्ञापन में रखा गया था।

## आप पार्टी ने निकाली पद यात्रा गंदगी हाटाओं झाडू चलाओं

**करछना।** आम आदमी पार्टी द्वारा चलाई जा रही पद यात्रा गंदगी हटाओ झाडू चलाओ को गति देते हुए बरदहा ग्राम में आम आदमी पार्टी की जिला उपाध्यक्ष नेहा सिंह ने पद यात्रा का संचालन किया। इस पद यात्रा में जिले व प्रदेश के पदाधिकारी भी उपस्थित थे जिनके उपस्थिति में काफी लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया । जिला उपाध्यक्ष नेहा सिंह ने पद यात्रा का संचालन किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार उत्तर प्रदेश में आने वाली है जो दिल्ली मॉडल की तरह शिक्षा व्यवस्था हैप्पीनेस क्लासेस, 24 घंटे फ्री बिजली, बेरोजगारों को 3,000 प्रति माह जब तक रोजगार नहीं मिलता, सभी महिलाओं को प्रति माह 1,000 रुपये जिससे गरीब लोगों का भरण पोषण हो सके। इस यात्रा में जिला अध्यक्ष डॉ अल्ताफ अहमद, जिला महासचिव नितिन पटेल , काशी प्रांत के उपाध्यक्ष राम रतन विश्वकर्मा, रवींद्र श्रीवास्तव, कादिर, रवि भारतीय, आदि लोग पद यात्रा में शामिल हुये।

## फूलपुर के रानी गोमती एस्ट्रो क्लब की खेल मंत्री ने की सराहना

### टेलिस्कोप से अंतरिक्ष की गतिविधियों का किया अवलोकन

**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** विज्ञान एक ऐसा विषय है जिसमें हमेशा कुछ न कुछ नया करने की सीख मिलती है। शोध के माध्यम से विज्ञान को और अधिक जानने के लिए युवाओं में जिज्ञासा की भावना होनी चाहिये। जिससे वे कुछ नया कर सके।

उक्त बातें शनिवार को फूलपुर नगर पंचायत के इस्माइलगंज मोहल्ले में पथ प्रदर्शक समिति द्वारा नवस्थापित रानी गोमती एस्ट्रो क्लब का आवलोकन करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के खेल व युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कही। रानी गोमती एस्ट्रो क्लब के संयोजक नामित सभासद राय साहब की सराहना करते हुए उन्होने कहा कि अंतरिक्ष,खगोल विज्ञान के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण घटनाओं के बारे में जानकारी देने वाला यह केंद्र छात्रों के लिए जहां ज्ञानवर्धक है वहीं यह उनके जीवन को एक नई दशा व दिशा देने का भी काम करेगा। वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश विश्वकर्मा ने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार आमजन को सुविधाएं व विकास देने में पूर्णतः तत्पर है। एस्ट्रो क्लब के संयोजक व नामित सभासद राय साहब केशरी ने खेल मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं को उच्च स्तरीय ज्ञान हो इसके लिए वो सदैव प्रयासरत रहते हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों को एक बार इस केंद्र का आवलोकन अवश्य करना चाहिए। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने टेलिस्कोप से सूर्य व अंतरिक्ष की गतिविधियों को देखने के साथ ही एस्ट्रो शो को भी देखा। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष आलोक गुप्ता,अखिलेश यादव,बलवंत मौर्या, भोला गुप्ता

## घर में घुस कर मारपीट तोड फोड छेडखानी, हवाई फायरिंग, एक दर्जन नामजद

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** मऊआइमा में पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी एक राय होकर घर में घुस कर मारे पीटे और महिलाओं के साथ छेड़खनी किए।

चार पहिया वाहन तोड दिए तथा दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग किया गया भुक्तभोगी ने एक दर्जन नामजद एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम उमरिया सारी निवासी एक वयक्ति का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी एक राय होकर हाथों में लाठी डंडे और अवैध तमंचा लेकर उसके घर में घुस गए तथा हवा में गोली चलाते हुए मारे पीटे और गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर महिलाओं के साथ छेड़खनी किए। और बाहर खडी बोलेरों तोड कर दो डीजे क्षतिग्रस्त कर दिए। पीडित ने मऊआइमा थाने में सोनू ,आकाश ,हेमराज ,भीम ,अशोक कुमार, शनि ,नन्हें ,दिलीप कुमार, रोहित, नितिन, सचिन ,राजेंद्र तथा एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। इस घटना से गांव में दहशत का माहौल व्याप्त है ।पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है ।

## बड़ौदा ऋण किसान दिवस आयोजित

**प्रयागराज।** बैंक ऑफ बड़ौदा प्रयागराज 2 क्षेत्र द्वारा एक बड़ौदा किसान ऋण वितरण दिवस समारोह का आयोजन कमला नगर में किया गया उक्त कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की 200 महिलाएं एवं 100 किसान भाइयों एवं बहनों ने अपनी सहभागिता दर्ज की। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रयागराज जिले के उप कृषि निदेशक श्री विनोद कुमार बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय प्रबंधक श्री प्रमोद कुमार बैंक ऑफ बड़ौदा उपक्षेत्रीय प्रबंधक श्री ओ एन सिंह रहे बैंक द्वारा कुल 20 करोड़ के ऋण स्वीकृत किए गए एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को एवं ट्रैक्टर लोनी खाताधारकों को चेक प्रदान किया गया उक्त कार्यक्रम में बैंक द्वारा बैंक की अलग-अलग स्कीमों के तहत स्टॉल भी लगाए गए।




## मत्स्य पालन से जुड़कर किसान रोजगार के साथ अच्छा लाभ उठाएं : रुमा बानों

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** मत्स्य पालन विभाग द्वारा ब्लाक करछना में शनिवार को शिविर आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में विकास खंड करछना के विभिन्न गांवों से आये हुए किसान, प्रधानों ने भाग लिया जिसमें मत्स्य पालन विभाग की ओर अधिकारी रुमा बानों ने उपस्थित किसानों और प्रधानों को बताया कि मत्स्य पालन से जुड़े किसान बड़ी संख्या में व्यवसाय अपना कर अच्छा लाभ उठा रहे



हैं, साथ ही साथ यह एक परिवार पालन का जरिया है इस व्यवसाय को अधिक से अधिक लोग अपना किया गया। मत्स्य विकास अधिकारी रुमा बानों ने मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी प्रदान की साथ ही योजनाओं के लाभार्थी किसानों को आवेदन को पूरा करने के लिए बताया।इस मौके पर अरुण सिंह, संतोष तिवारी, योगेश सिंह, गुलाम रसूल , इंद्रसेन सिंह पंचायत सचिव राम सकल, संजीव श्रीवास्तव, कमल सिंह, मनीष कुमार यादव, अमित यादव, विनोद कुमार, आदित्य कुमार पौडवाल,राम रूप सिंह, महेश कुमार सहित दर्जनों किसान एवं ब्लाक कर्मी मौजूद रहे।

## जिला ग्राम्य विकास संस्थान सनेहटा में प्रशिक्षित हुए बीडीसी

**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** फूलपुर क्षेत्र के बसनेहटा स्थित जिला ग्राम्य विकास संस्थान में शनिवार को राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत क्षेत्र पंचायत सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के लिए पहुंचे बीडीसी सदस्यों को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। विकास परक योजनाओं में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताते हुए सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) गुलाब चन्द पाण्डेय ने कहा कि प्रशिक्षण व्यक्ति के कार्य और दायित्वों का बोध कराता है। प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को अपने क्षेत्र में व्यावहारिक रूप से प्रयोग करना ही प्रशिक्षण की उपलब्धि है।

# रायबरेली एक्सप्रेस सुधा सिंह ने मारी बाजी, पुरुषों में शेर सिंह रहे अव्वल







**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय प्राइजमनी इंदिरा मैराथन 2022-23 का ताज राजस्थान पुलिस में तैनात जयपुर के शेर सिंह तथा पद्मश्री एवं अर्जुन अवार्डी ओलंपियन सुधा सिंह के सिर सजा। पुरुष वर्ग में बीते वर्ष के उपविजेता प्रयागराज के अनिल कुमार सिंह इस बार तीसरे स्थान पर रहे। वहीं महाराष्ट्र के विक्रम बांगरिया को दूसरा स्थान मिला। बीते वर्ष विक्रम छठे स्थान पर रहे थे। दोनों धावक सेना के हैं।महिला वर्ग में महाराष्ट्र की अश्विनी मदन जादव दूसरे एवं ज्योति शंकर राव तीसरे स्थान पर रहीं। ज्योति शंकर 2013-14 से 2018-19 तक लगातार छह बार इंदिरा मैराथन की विजेता रहीं। पहली बार इंदिरा मैराथन में शामिल होने वाली अश्विनी और ज्योति शंकर ने साथ में ही प्रशिक्षण प्राप्त किया है। करीब आधी दूरी तक सबसे आगे चल रहीं प्रयागराज की कविता पटेल की वापसी में रफ्तार धीमी पड़ गई और उन्हें पांचवें स्थान से संतोष करना पड़ा।इंदिरा मैराथन में पहली बार दो ओलंपियन पुरुष वर्ग में महाराष्ट्र के गोपी थानाकल तथा महिलाओं में सुधा सिंह ने हिस्सा लिया। ऐसे में सबकी नजर इन पर रही लेकिन गोपी थानाकल को चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह, लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में कोच थीं और विजेता सुधा ने उनके निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त किया है।मैराथन की शुरूआत शनिवार को सुबह 6.30 बजे आनंद भवन से हुई और 42.195 किमी की दूरी पूरी करने के बाद चंद्रशेखर आजाद पार्क स्थित मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में समाप्त हुई। खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव ने मैराथन को हरी झंडी दिखाई। इसमें देश भर के धावकों ने प्रतिभाग किया। पूरे रूट पर दोनों तरफ लोग मौजूद रहकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते रहे।पुरुष वर्ग में प्रथम चार स्थान पर रहने वाले धावक काफी समय तक साथ-साथ दौड़े। प्रथम तीन स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों के बीच तो काफी रोचक मुकाबला रहा। विजेता शेर सिंह ने दो घंटे 20 मिनट 11.3 सेकेंड में दौड़ पूरी की। वहीं उपविजेता विक्रम ने दो घंटे 21 मिनट 58.3 तथा स्थानीय हीरो अनिल कुमार ने दो घंटे 23 मिनट 28.5 सेकेंड में दौड़ पूरी की। इस तरह से विक्रम, विजेता से सिर्फ एक मिनट 47 सेकेंड तथा अनिल 03 मिनट 17.2 सेकेंड से पीछे रह गए। अनिल ने बीते वर्ष यह दौड़ दो घंटे 22 मिनट आठ सेकेंड में पूरी की थी। महिला वर्ग की विजेता सुधा सिंह ने दो घंटे 51 मिनट 40.3 सेकेंड, उप विजेता अश्विनी मदन ने तीन घंटे एक मिनट 22.5 सेकेंड तथा तीसरे स्थान पर रहीं ज्योति ने तीन घंटे पांच मिनट 15.2 सेकेंड में दौड़ पूरी की।दिन में करीब दो बजे आयोजित दौड़ पूरी होने के बाद समारोह में खेल राज्यमंत्री ने विजेताओं को इनामी राशि और प्रमाण पत्र दिए। इस मौके पर सांसद केशरी देवी पटेल, ओलंपियन अभिन्न श्याम गुप्ता, खेल निदेशक आरपी सिंह, डीएम संजय कुमार खत्री, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

### विजेताओं को मिले दो-दो लाख

इंदिरा मैराथन के विजेताओं को दो-दो लाख रुपये दिए गए। वहीं उप विजेताओं को एक-एक लाख तथा तीसरे स्थान पर रहने वाले धावकों को 75-75 हजार रुपये मिले। दोनों ही वर्ग में चौथे से 14वें स्थान तक रहने वाले 11-11 खिलाड़ियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 10-10 हजार रुपये मिले।

## प्रभु प्रेम भक्ति की तल्लीनता से मुक्ति का मार्ग होता है प्रशस्त - पं.धर्मेन्द्र शास्त्री



**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** क्षेत्र के देवनहरी गांव में संगीतमय चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन शुक्रवार को श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथा व्यास पंडित धर्मेन्द्र उपाध्याय शास्त्री जी ने ध्रुव चरित्र एवं प्रहलाद चरित्र की कथा के पश्चात नारायण अवतारी बामन देव की कथा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु को भी चाहिए कि अपने शिष्य को सदमार्ग की ओर ले जाने का प्रयत्न करना चाहिए अन्यथा एक दिन ऐसा आएगा कि शिष्य को अपूर्ण ज्ञान होने पर गुरु सामाजिक दृष्टि से निंदा का पात्र होगा। कथा व्यास ने ध्रुव की कथा का बखान सुनाते हुए कहा ध्रुव का अटल सत्य मार्ग पर होने के कारण प्रभु को दर्शन देने के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा भक्त पहलाद भगवान विष्णु के परम भक्त थे इसके साथ वह राक्षस राज हिरण्य कश्यप के पुत्र भी थे परन्तु प्रहलाद की त्याग तपस्या श्री हरि के चरणों में भक्ति भावना को देखते हुए राक्षस हिरण्य कश्यप आए दिन प्रहलाद को श्री हरि भजन करने से रोका करता था एक दिन क्रोध में आकर प्रहलाद पर जैसे ही तलवार उठाया त्यों ही श्री हरि खंभे में श्री नरसिंह भगवान के रूप में प्रकट होकर हिरण्य कश्यप का उदर फाड़कर बध करते हुए उसका उद्धार किया। रोचक कथा सुनाते हुए कथा व्यास ने कहा अगर मनुष्य ईश्वर प्रेम त्याग तपस्या की आनंद में तल्लीन हो जाता है तो उसके पास पाप भी स्पर्श नहीं हो पाता। हर माता-पिता का दायित्व है कि अपने बच्चे को ध्रुव एवं प्रहलाद जैसे संस्कारवान बनाते हुए शिक्षा दीक्षा संस्कृत के साथ प्रभु भक्ति में भी लगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संकल्प आपके सिद्ध हो तो साधन मायने नही रखता। जिस प्रकार दो पग में बामन भगवान ने राजा बलि का पूरा साम्राज्य माप लिया। राजा बलि ने तीसरा पैर अपने सर पर रखने को बोला उनके इस संकल्प पर अड़े रहने से सुतल लोक का राजा बना दिया। संकल्प में आप प्रभु के प्रति जो समर्पित करेंगे प्रभु उससे कहीं अधिक देंगे साथ में कष्ट, दुख तथा पाप का निवारण भी करते हैं। श्रीमद् भागवत कथा के रसपान से मोक्ष की प्राप्ति व मुक्ति का मार्ग सुगम होता है। इसके साथ साथ घर में सुख शांति के अतिरिक्त समृद्धि तथा परिजनों पर प्रभु की छाया निरंतर बनी रहेगी। कथा विश्राम पर मुख्य यजमान इं. हरिप्रसाद शुक्ला एवं श्रीमती चन्द्र कला शुक्ला ने व्यासपीठ एवं आवाहित देवी देवताओं की आरती उतारी तत्पश्चात प्रसाद का वितरण कराया। इस अवसर पर आयोजक इं.आनन्द कुमार शुक्ला व आशुतोष कुमार शुक्ला, भाजपा नेता संजय मिश्रा बनकटा, चिंतामणि शुक्ला, कृष्ण बल्लभ द्विवेदी सहित आदि श्रद्धालु श्रोता वक्तों ने कथा पंडाल में उपस्थित होकर आनंदित होते हुए कथा का रसपान किया।

## श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ की कथा सोमवार से

**सहसों।** क्षेत्र के चकिया घरहरा गांव में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ की संगीत मय सप्ताहिक कथा डॉ श्याम नारायण पांडे एवं श्रीमती धनराजी देवी के संयोजन में कथा व्यास आचार्य डॉक्टर श्रीनिवास त्रिपाठी जी महाराज प्रयागराज के मुखारविंद से 21 नवम्बर सोमवार से 28 नवम्बर सोमवार तक अमृत मयी वांणी से भक्त श्रोताओं को कथा का श्रवण कराया जाएगा। तत्पश्चात हवन यज्ञ एवं प्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी डॉक्टर बृज नारायण पांडे ने दिया।

## विद्यार्थी का उद्देश्य स्वावलंबी भारतः डॉक्टर रश्मि शुक्ला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज** । रुचि इंस्टीट्यूट आफ क्रिएटिव आर्ट्स के प्रांगण में स्वावलंबी भारत अभियान रोजगार सृजन के अंतर्गत कार्यशाला की जिसमें सामाजिक सेवा एवं शोध संस्थान की अध्यक्षा डॉ रश्मि शुक्ला को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया।डॉक्टर रश्मि शुक्ला ने कहा कि ,गांव शहर की एक पुकार उधमिता और स्वरोजगार ,सभी विद्यार्थियों को अपने रूचि के अनुसार अपने हुनर को आगे बढ़ाना है अच्छे संस्थान में जाकर सीखना है। तभी हम स्वावलंबी भारत अभियान रोजगार सृजन कर सकेंगे। कोई भी हुनर यदि हमारे में है तो हम बेरोजगार नहीं रह सकते। शिक्षण संस्थान की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण होती है विद्यार्थी के हुनर को आगे बढ़ाने के लिए हम अपने हुनर को रोजगार का माध्यम बना लेते हैं यही हमारे



भविष्य को उज्जवल करते हैं ।प्रधानाचार्य डॉ रुचि मित्तल ने बताया कि हमें अपने हुनर के अनुसार ही अपने ज्ञान को बढ़ाना होगा। ईश्वर ने सबको कुछ ना कुछ हुनर अवश्य दिया है बस उसे पहचानने की जरूरत है फिर उसे तराशने की ।यह जरूरी नहीं कि हम डॉक्टर इंजीनियर बन कर ही जीवन को सफल बना सकते हैं। हम अपने हुनर को भी आगे बढ़ाकर एक सफल व्यक्ति बन सकते हैं। हमारे यहां बहुत तरह के क्रिएटिव आर्ट्स सिखाए जाते हैं जिससे कि सभी लोग लाभान्वित होते हैं ।यहां पर बहुत ही कम फीस में बच्चे सीख लेते हैं। और वे आगे चलकर विदेशों तक में अपना नाम कमाते हैं ।हमको स्वावलंबी बनना है रोजगार युक्त शिक्षा प्राप्त करनी है। जिससे हम अपने और अपने परिवार का जीवन यापन अच्छी तरह कर सकें ।कार्यक्रम में सूर्या, शिवांगी, जितेंद्र ,रजक, खुशी, सोनाली,अकाश,निकिता ,मोना ,ऐजल,बबिता आदि कई छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए ।राधेश्याम ,नीरज ,सुनील ,देवेंद्र, प्रियंका आदि उपस्थित रहे। रिया, महिमा, सपना , दीपा, मरियम, निकिता, प्रीति, मोनू ,शोभिता आदि ने अपनी अपनी प्रस्तुति की जिसे देखकर सभी बहुत ही आनंदित हुए अंत में सभी बच्चों को जलपान कराया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## नागरिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंघई में हिन्दी विभाग द्वारा 'विश्व विरासत सप्ताह' कार्यक्रम आयोजित

**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम की श्रृंखला में 19 नवंबर को नागरिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंघई में हिन्दी विभाग द्वारा 'विश्व विरासत सप्ताह' कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम दिवस मनाया गया। । हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ ज्ञान प्रकाश द्विवेदी ने आज के दिन की महत्ता पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यूनेस्को को विश्व के विभिन्न स्थानों को जिसमें वन क्षेत्र, पर्वत, झील, स्मारक/शहर इत्यादि को विश्व विरासत स्थल के रूप में सूचीबद्ध करने का अधिकार है। जो मुख्यतः चार श्रेणियों - सांस्कृतिक, प्राकृतिक, मिश्रित तथा अन्य स्थल 138 के रूप में विभक्त है। उन्होंने आगे बताया कि भारत में वर्तमान में कुल 40 विश्व विरासत स्थल उपर्युक्त श्रेणियों में सूचीबद्ध हैं। डॉ गंगेश दीक्षित ने विश्व विरासत की महत्ता को बताते हुए कहा कि हम सब की जिम्मेदारी है कि अपनी विरासत और संस्कृति को सुरक्षित रखें। कुलदीप कुमार सोनी ने विश्व विरासत सूची में सूचीबद्ध अजंता, ताजमहल के विषय बच्चों का ध्यान आकृष्ट किया। विकास यादव ने यूनेस्को संगठन के विषय मे बच्चों को बताया। डॉ ममता यादव द्वारा बताया गया कि विरासत हमारी धरोहर हैं। सुनील कुमार ने विश्व विरासत स्थलों का महत्व मानवीय सन्दर्भ में क्यों हैं इस पर अपनी बात रखी।महाविद्यालय? के लगभग एक सौ छात्र एवं सत्तर छात्रायें इस कार्यक्रम मे उपस्थित रहीं।

## अतीक के भाई के खिलाफ कचहरी में बयान दर्ज कराने आए दरोगा को दूसरी मंजिल से नीचे फेंकने की कोशिश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज** । कचहरी परिसर में बयान देकर लौट रहे दरोगा नित्यानंद सिंह को दूसरी मंजिल से नीचे फेंकने की कोशिश की गई। इससे पहले धक्कामुक्की के साथ ही गालीगलौज करते हुए धमकाया भी गया। भुक्तभोगी ने कर्नलगंज थाने में एक नामजद व चार अज्ञात पर एफआईआर दर्ज कराई है। भुक्तभोगी दरोगा मौजूदा समय में गोरखपुर में तैनात हैं। इससे पहले वह धूमनगंज थाने में तैनात रह चुके हैं। उन्होंने बताया कि माफिया अतीक अहमद के भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ पर कोर्ट के आदेश के अवमानना में 2019 में एक मुकदमा दर्ज किया गया था।

इसी मुकदमे में वह बयान देने के लिए कचहरी परिसर आए थे। आरोप है कि शाम को बयान देकर लौटते वक्त लालजी उर्फ पिंटू तिवारी आया और धूमनगंज के एक पूर्व के मुकदमे को लेकर धक्कामुक्की करने लगा। यही नहीं दूसरे तल से नीचे फेंकने की भी कोशिश की। आरोपी ने गालीगलौज करने के साथ ही धमकी भी दी। इस दौरान कांस्टेबल पैरोकार धर्मेंद्र यादव व एक अधिवक्ता आए और उन्होंने बीचबचाव कर किसी तरह उन्हें बचाया। दरोगा का आरोप है कि आरोपी के साथ तीन-चार अन्य लोग भी थे। इंस्पेक्टर राममोहन राय ने बताया कि सरकारी काम में बाधा पहुंचाने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

### अंतिम रिपोर्ट लगने से था नाराज

भुक्तभोगी दरोगा ने बताया कि धूमनगंज में तैनाती के दौरान उन्होंने एक मुकदमे की विवेचना की थी। विवेचना में मिले साक्ष्यों के आधार पर ही उन्होंने अंतिम रिपोर्ट लगा दी थी। आरोप है कि लालजी ने पैरवी कर मुकदमे की पुनर्विवेचना कराई लेकिन दूसरे विवेचक ने भी एफआर लगाई। इसी को लेकर आरोपी उनसे नाराज था। इसी खुन्नस में उसने यह घटना की।

## विद्यालय में श्रीमती इंदिरा गांधी का छात्रों ने मनाया जन्मदिन

**करछना।** १९ नवंबर को भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री आयरन लेडी श्री मती इन्दिरा गांधी का १०५ वां जन्म दिवस श्री मती इन्दिरा गांधी विद्यालय जगौती में मनाया गया विद्यालय के प्रबंधक डा दिनेश कुमार सोनी ने कहा कि श्री मती इन्दिरा गांधी विश्व की सबसे शक्तिशाली महिला प्रधानमंत्री थीं श्री मती गांधी ने कभी भी उसूलों से समझौता नहीं किया इन्दिरा गांधी का स्लोगन दूर दृष्टि पक्का इरादा कड़ी मेहनत अनुशासन ही देश को महान बनाता है का पालन करना ही उनका जन्म दिवस मनाना है उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।

## नेदुला में दिव्यांग महिला से प्रसव के दौरान एएनएम ने ऐंठा मोटी रकम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापपुर।** डाक्टर को भगवान का दूसरा रूप कहा जाता है एक डॉक्टर ही मरीजों की जान को बचाता है।लेकिन यहाँ तो सब राम भरोसे चल रहा है पूरा मामला प्रयागराज जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नेदुला जलालपुर का है। दरअसल एक दिव्यांग महिला जिसका नाम लक्ष्मी गुप्ता बताया जा रहा है जब लक्ष्मी को प्रसव पीड़ा हुई तो उसके घर वाले आनन फानन मे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नेदुला जलालपुर में भर्ती करा दिया दिव्यांग महिला लक्ष्मी का




आरोप है कि प्रसव होने के बाद एएनएम सुमन देवी ने पैतीस सौ रुपए की मांग की दिव्यांग महिला ने किसी भी तरीके 2 हजार रुपए का इंतजाम करके सुमन को दिया।जब मीडिया कर्मियों ने एएनएम सुमन से पैतीस सौ रुपए लेने की बात पूछी तो उन्होंने पैसा ना लेकर के निःशुल्क तरीके से काम करने का हवाला दिया।मैडम को कहा पता था की मैडम का किया हुआ सारा कारनामा तीसरी आँख मे कैद हो चुका था। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा आये दिन सरकारी अस्पतालों का निरीक्षण किया जाता है बावजूद इसके स्वास्थ्य कर्मचारियों के कान मे जूं तक नहीं रेंग रहा है।ऐसे मे बड़ा सवाल उठता है कि जब सरकार इनको तनख्वाह दे रही है तो गरीबों से मोटी रकम क्यों वसूला जा रहा है।एएनएम सुमन ने मोटी रकम की लालच में सरकारी अस्पताल में ना भेजकर के प्राइवेट अस्पताल कुशल में भर्ती करा देती है वजह यह है कि जो एएनएम सुमन देवी हैं नजदीकी प्राइवेट अस्पतालों में इनका पीड़ित के दिए हुए मोटे रकम मे से कमीशन मिलता है। चंद पैसों की लालच में स्वास्थ्य विभाग के लोग गरीबों का शोषण करते हैं बड़ा सवाल यह है कि अगर गरीब के पास पैसा ही रहे तो वह सरकारी अस्पतालों का चक्कर क्यों लगाये प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के गैर जिम्मेदार डॉक्टरों की लापरवाही की वजह से स्वास्थ्य व्यवस्थाएं लगातार बिगड़ती जा रही है।ऐसे भ्रस्ट एएनएम सुमन के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग कब कार्यवाही करेगा।

## इंदिरा गांधी का पुष्पांजलि के साथ मनाया गया जन्मदिवस

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयन्ती के अवसर पर क्षेत्र के भारद्वाज गुरुकुलम संस्थान रुदापुर में आयरन लेडी इंदिरा प्रियदर्शनी भारत गणराज्य की प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की जन्म दिवस पर उनके छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर याद किया गया। मौके पर मौजूद गुरुकुलम संस्थान के संस्थापक वरिष्ठ अधिवक्ता देवराज उपाध्याय ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी को शत शत नमन करते हुए कहा कि नई क्रांति के साथ देश को नई ऊंचाई तक ले जाने का श्रेय श्रीमती गांधी को जाता है। बड़ी से बड़ी चुनौतियों को इंदिरा गांधीजी ने बड़ी ही सहजता से हल कर लेती थी। श्रीमती गांधी के राजनीतिक जीवन ने देश के दशा और दिशा को



बदलने का महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्हें 1971 में भारत रत्न पुरस्कार से नवाजा गया। यह भारत की महिला प्रधानमंत्री के रूप में लगातार तीन कार्यकाल तक अपनी सेवाएं देती रही। 1947 में उन्होंने महात्मा गांधी जी के मार्गदर्शन में दिल्ली के दंगा प्रभावित क्षेत्रों में बड़ी सी कुशलता से कार्य किया था। अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर श्रीमती गांधी का योगदान निर्गुण देशों के राष्ट्र अध्यक्ष के रूप में देखा जा सकता है। उन्होंने कहा आज हमें श्रीमती गांधी के नैतिक मूल्यों और आदर्शों को अपनाने की आवश्यकता है उनके बताए हुए रास्ते पर चल कर ही नई ऊंचाइयों को पाया जा सकता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदीप कुमार मिश्रा, रवि शर्मा, मनीष विश्वकर्मा, लालचंद यादव, सुभाष चन्द्र विश्वकर्मा, विनय उपाध्याय, विद्यालय के बच्चों सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विधान सभा निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत विशेष अभियान आज

**प्रयागराज।** सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी के0के0 बाजपेयी ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता दिनांक 01-01-2023 के आधार पर सम्पन्न हो रहे विधान सभा निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में दावे एवं आपत्तियाँ प्राप्त करने की अन्तिम तिथि दिनांक 08-12-2022 है। विशेष अभियान की तिथियां 20, 26 नवम्बर एवं 04 दिसम्बर, 2022 है। उक्त अवधि में मतदाता सूची सभी मतदेय स्थलों पर विद्यमान रहेगी। उक्त मतदाता सूची में ऐसा व्यक्ति जो भारतीय नागरिक हो एवं सम्बन्धित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में सामान्यतः निवास कर रहा हो और 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका हो अथवा 01 जनवरी, 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हों, अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। फार्म सम्बन्धित बूथ लेबिल आफिसर से, तहसील स्थित मतदाता पंजीकरण केन्द्र से एवं जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं ।

## सामुदायिक शौचालय पर लटकता है ताला, बाहर जाने पर ग्रामीण मजबूर



**अखंड भारत संदेश**

**बारा।** क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों में सरकार ने सामुदायिक शौचालय निर्माण करवाया, ताकि किसी भी व्यक्ति को बाहर शौच के लिए भटकना न पड़े। लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत है, शौचालय निर्माण तो किया गया है,ग्रामीणों व राहगीरों के लिए यह उपयोगी साबित नहीं हो रहा है ।कई स्थानों पर पंचायत-भवन के बगल में बना,जो केवल कर्मचारियों तक सिमट गया ।ग्रामीण आज भी बाहर शौच जाने को मजबूर हैं।

मानदेय से लेकर साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने का पैसा आता है, जिसमें मानदेय छोड़कर सारा पैसा कहां चला जाता है, जानकारी नहीं हो पाती। अगर सच्चाई से जाँच पड़ताल की जाए तो विकासखंड जसरा, शंकरगढ़ सहित अधिकांश शौचालयों में ताला लटकता जरूर मिलेगा ।क्षेत्र के कई शौचालय बस्ती से दूर बने हुए हैं तो कई एकदम किनारे, ताकि उपयोग में न आ सकें। सिर्फ सरकारी धन का कुछ स्थानों पर दुरुपयोग जरूर किया गया है,उपयोग बहुत ही कम हो रहा है।

**सूचना**

**प्रमाणित किया जाता है कि श्री उमाशंकर तिवारी पुत्र स्व. बृज नरायण तिवारी ग्राम नगरवार, पोस्ट-नगरवार, थाना-लालापुर, तहसील-बारा, जिला-प्रयागराज (उ. प्र.) के मूल निवासी हैं। जो कि सन् 1982 में घर से चले गये थे जो लगभग 40 वर्ष बीत गये हैं। उमाशकर तिवारी आज तक वापस नही आए और न ही उनका कोई पता चल सका है इनको भली-भाँति जानती और पहचानती हूँ।**

**ग्राम प्रधान-श्रीमती मीरा देवी**
**ग्राम पंचायत कचरा, वि.ख. जसरा, प्रयागराज**

# भूमि विवादों की शिकायतों का राजस्व व पुलिस की टीम करें निस्तारणः मण्डलायुक्त

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पर मण्डलायुक्त प्रयागराज ने सुनी शिकायतें, छह का हुआ निस्तारण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन मण्डलायुक्त प्रयागराज विजय विश्वास पन्त की अध्यक्षता में तहसील कुण्डा में आयोजित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मण्डलायुक्त प्रयागराज ने दूर-दराज से आये हुये शिकायकताओं की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को जल्द से जल्द शिकायतों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया।



समाधान दिवस में समस्याएं सुनते मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत।

उन्होंने निर्देशित किया कि शासन के मंशानुरूप सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारी कार्यालय में समय से बैठकर जन समस्याओं को सुने और समय सीमा के अन्तर्गत उनका निराकरण कागज के साथ-साथ धरातल पर भी सुनिश्चित किया जाये। समस्याओं के निराकरण गुणवत्तापूर्ण होना चाहिये ताकि फरियादियों को बार-बार ब्लाक, तहसील व जनपद मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादियों की छोटी-बड़ी समस्याओं को गम्भीरता से सुना जाये और प्राथमिकता के आधार पर उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाये, यदि निस्तारण में फजीर्वाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। भूमि विवादों से सम्बन्धित प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष ढंग से निस्तारण करायें इसमें कोई भी लापरवाही न बरती जाये। उन्होने सभी लेखपाल एव राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिया कि सरकारी जमीनों में किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण न होने पाये इसका ध्यान रखा जाये यदि किसी भी क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण की शिकायत मिली तो सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपाल/राजस्व निरीक्षक के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई0जी0 प्रयागराज डा0 राकेश सिंह ने पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को सुनकर उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित थानाध्यक्षों को निर्देशित किया। कुण्डा तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 224 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 06 राजस्व विभागों की शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 224 शिकायतों में से 59 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 53, विकास विभाग से 29, समाज कल्याण से 21, शिक्षा विभाग से 10 एवं 52 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी कुण्डा सतीश कुमार त्रिपाठी सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# विश्व शौचालय दिवस पर नगर में चला सफाई अभियान

## जनजागरुकता अभियान चलाकर किया गया जागरुक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद बेल्हा प्रतापगढ़ स्थित प्रमुख सार्वजनिक शौचालय, कम्युनिटी शौचालय, महिला पिंक शौचालय का बृहद स्तर पर साफ सफाई अभियान, जनजागरूकता अभियान चलाया गया।

पब्लिक का ध्यान आकर्षित करने और जागरूकता पैदा करने के लिए नगर के प्रमुख शौचालयों को बैनर पोस्टर गुब्बारा से सजाया गया तथा नगर क्षेत्रांगत सभी शौचालयों की टॉयलेट क्लीनर आधुनिक मशीन से फिनायल, ब्लीचिंग क्लोराइड, हाइपो क्लोराइड डालकर विधिवत सफाई की गई। नगर पालिका विगत 5 वर्षों से लगातार ओ डी एफ प्लस की सूची में है। नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा नगर के सभी नागरिकों से अपील की गई है कि शहर को स्वच्छ रखने में खुले में शौच करने पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका द्वारा विश्व शौचालय दिवस पर शहर वासियो को बधाई देते हुए कहा गया कि सभी समुदायिक, पब्लिक शौचालयों का उपयोग कर शहर को स्वच्छ एवम सुंदर बनाये रखें।

स्वच्छ भारत मिशन के डी पी एम वरुण कुमार सिंह, डी सी आशीष मिश्रा द्वारा जनता से सामुदायिक और पब्लिक शौचालय उपयोग करने की अपील की। शासन के निर्देश के क्रम में सुबह से ही सभी शौचालयों की साफ सफाई, बैनर पोस्टर गुब्बारा आदि से सजाया गया। जिसकी लाइव स्ट्रीमिंग किया गया जिसमें प्रमुख रूप से सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, सफाई प्रभारी प्रशांत सिंह, राजस्व निरीक्षक लालबहादुर आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## चाय पान की दुकान से हजारों का सामान उठा ले गए बदमाश

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** चाय पान की दुकान से बदमाश हजारों का सामान उठा ले गए। सुबह दुकान खोलने के लिए जब दुकानदार पहुंचा तो उसके होश उड़ गए। पट्टी तहसील क्षेत्र के पट्टी चांदा मार्ग पर स्थित उपाध्यायपुर चैराहे पर भोपालीपुर गांव के रहने वाले दयाराम वर्मा ने चाय पान की दुकान खोल रखी है। शुक्रवार की रात को दुकान बंद करके वह घर चले गए सुबह जब चार बजे दुकान खोलने के लिए आए तो देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ था दयाराम ने बताया कि चाय पान का रखा हुआ सामान तथा बिस्किट वगैरह सहित कुल सात हजार का सामान बदमाश उठा ले गए।



विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह।

## प्रभात एकेडमी में लगी विज्ञान प्रदर्शनी, बच्चों के माडल की हुई प्रशंसा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रभात एकेडमी में विज्ञान प्रदर्षनी का आयोजन किया गया। प्रभात एकेडमी के चारों हाउस नालंदा, कौषाम्बी, तक्षषिला एवं विक्रमषिला के विद्यार्थियों ने वर्किंग माडल एवं नान वर्किंग माडल बनाये। विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन उप पुलिस उपाधीक्षक, सीओ सिटी, पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह एवं डा0 पीयूषकांत शर्मा ने किया। सभी अतिथियों ने विधिवत विज्ञान प्रदशनी का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये माडल की प्रषंसा की। कक्षा-9 के विद्यार्थियों ने स्मार्ट सिटी, टेलीस्कोप, डायजेस्टिव सिस्टम, वाटर साइकिल, पेरियोडिक टेबल बनाए। कक्षा-10 के विद्यार्थियों ने सोलर एनर्जी पर माडल बनाए। कक्षा-8 के विद्यार्थियों ने वाटर हार्वेस्टिंग पर माडल बनाए।

# आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर अधिवक्ताओ ने तहसील गेट में लगाया ताला

## एडीएम को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ गैंगेस्टर व रासुका लगाने की उठाई मांग, आरोपियों के घर जेसीबी लेकर पहुंचे सीओ व कोतवाल

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** गुरुवार की शाम संयुक्त अधिवक्ता संघ के महामंत्री व साथी अधिवक्ता पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में तीसरे दिन भी वकीलों का संघ अक्रोशित दिखाई दिया। अधिवक्ताओं का समूह शनिवार को समाधान दिवस पर सुबह गेट पर तालाबंदी करके बैठ गया। समाधान दिवस मे आये एडीएम को डीएम को संबोधित ज्ञापन देकर आरोपियो पर गैगेस्टर लगाए जाने व अन्य तीन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग उठाई।



लालगंज तहसील गेट पर प्रदर्शन करते अधिवक्तागण।

लालगंज कोतवाली के रायगढ़ गांव में गुरूवार की शाम संयुक्त अधिवक्ता संघ के महामंत्री शेष नाथ तिवारी व कुलदीप तिवारी पर जानलेवा हमला हुआ था। पुलिस ने वकील की तहरीर पर चार के खिलाफ नामजद हत्या के प्रयास व लूट का मुकदमा दर्ज किया। मुख्य आरोपी ग्राम प्रधान बृजलाल सरोज उर्फ पिंटू को पुलिस ने शुक्रवार की सुबह हिरासत मे ले लिया। वहीं नेशनल हाइवे पर शुक्रवार के धरना प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने अन्य तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक दिन की मोहलत मांगी थी। शनिवार की सुबह तक आरोपियो की गिरफ्तारी न होने पर वकीलो का आक्रोश बढ़ गया। नाराज वकीलों ने समाधान दिवस के दिन मुख्य गेट समेत तीनों गेटो पर तालाबंदी कर दी। इसके बाद वकील गेट के सामने जुटकर पुलिस व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। समाधान दिवस में शामिल होने आये अधिकारी गेट पर ही रूक गये। जानकारी मिलने पर एसडीएम सौम्य मिश्र व सीओ रामसूरत सोनकर के साथ कोतवाल कमलेश पाल भी वकीलों के बीच आ गए। काफी देर तक वकीलों व अफसरों मे बातचीत के बाद गेट का ताला खुला। इधर समाधान दिवस मे पहुंचे जिले के एडीएम त्रिभुवन नाथ विश्वकर्मा को वकीलों ने संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शहजाद अंसारी व उपाध्यक्ष बीके तिवारी के साथ डीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

समाधान दिवस में भी वकील नारेबाजी करते पहुंचे। ज्ञापन में अधिवक्ताओं के हमलावरो के खिलाफ गैगेस्टर के साथ रासुका लगाए जाने के साथ शेष आरोपियो की गिरफ्तारी की मांग उठाई। इधर वकीलों के भारी विरोध प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने आरोपियो के गांव रायगढ़ में जेसीबी के साथ पहुंचकर दबिश दी। सीओ रामसूरत सोनकर ने आरोपियो के घर वालों को चेताया कि यदि आरोपी पुलिस के हवाले नही किये गये तो फिर नियमानुसार कुर्की की जाएगी। लालगंज लीलापुर व सीओ के साथ फोर्स के गांव मे घंटो चहलकदमी को लेकर लोग सहमे भी दिखे। वकीलों ने प्रशासन को आगाह किया है कि यदि साथी पर हमले के शेष आरोपियों की गिरफ्तारी नही हुई तो सोमवार से विरोध प्रदर्शन तेज किया जाएगा। इस मौके पर देवी प्रसाद मिश्र, राममोहन सिंह, अजय शुक्ल, दिनेश मिश्र, संदीप सिंह, घनश्याम मिश्र, रामकुमार पाण्डेय, प्रमोद सिंह, शैलेन्द्र सिंह, विपिन शुक्ल, संतोष पाण्डेय, हरिश्चंद्र पाण्डेय, अनूप पाण्डेय, विनय शुक्ल, आशीष तिवारी, धीरेन्द्र शुक्ल, अखिलेश द्विवेदी, जयकरन सिंह, संजय द्विवेदी, मनीष तिवारी, राजेश सरोज, आदि अधिवक्ता रहे।

# सफाई कर्मचारियों को श्रम विभाग द्वारा निर्धारित वेतन दिये जाने का प्रस्ताव पारित

## न्यू कालोनी बाबागंज में आवंटित भूखण्डों के नवीनीकरण सहित अनेक प्रस्तावों पर हुई चर्चा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका बेला के बोर्ड की बैठक शनिवार को नगर पालिका के सभागार में अध्यक्ष प्रेमलता सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक की कार्यवाही अधिषाषी अधिकारी मुदित सिंह द्वारा पढ़कर सुनाई हुई तथा पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि करते हुए आय व्यय के प्रस्तुत ब्योरों पर सर्वसम्मति से सहमति जताई गई।



नगर पालिका बोर्ड की बैठक में बोलतीं अध्यक्ष प्रेमलता सिंह।

एजेण्डे में शामिल बिन्दुओं तथा सफाई कर्मचारियों को श्रम विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दिये जाने तथा तहसील वार्ड में स्थित न्यू कालोनी बाबागंज में आवंटित किये गये भूखण्डों के पट्टे का नवीनीकरण आदि विषयों पर नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु नगर पालिकाध्यक्ष/अधिषाषी अधिकारी को अधिकृत किया गया। कुछ सभासदों ने उनके क्षेत्र में विकास कार्यों को न कराये जाने को लेकर बैठक में व्यवधान उत्पन्न करने का प्रयास किया लेकिन कार्यवाही को अधिकांष सदस्यों द्वारा समर्थन मिलने से सभी प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित किये गये। बैठक में मुख्य रुप से सभासद ज्ञानेष मिश्रा, आषुतोष सिंह, धर्मषील शुक्ल, प्रेमा देवी, छाया श्रीवास्तव, सुषील मिश्रा, विनय कुमार सिंह, आरती, मालती सिंह, सिद्धार्थ सिंह, प्रदीप, उदयषंकर मिश्र, आषीष जायसवाल, अनिल कुमार सिंह, शीला सिंह, मुहीबुल आरफीन, दीपक कुमार, शहनाज, महरुन निषा, मयंक बहादुर सिंह के अलावा ईओ मुदित सिंह तथा सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, आरआई लाल बहादुर सिंह व राजेष बिंद मौजूद रहे।

# लालगंज में वकीलों पर हमले के आरोपियो की गिरफ्तारी की उठायी मांग

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले की लालगंज तहसील में संयुक्त अधिवक्ता संघ के महामंत्री शेषनाथ तिवारी तथा अधिवक्ता कुलदीप तिवारी पर जानलेवा हमले को लेकर आक्रोशित जिला मुख्यालय पर भी वकीलों मे आक्रोश देखा गया। जूनियर बार एसोशिएसन के अध्यक्ष इन्दुभाल मिश्र के नेतृत्व में घटना के विरोध में वकीलों ने न्यायिक कामकाज का बहिष्कार किया। पारित प्रस्ताव में आरोपियो की गिरफ्तारी न होने पर लालगंज के वकीलों के समर्थन में आंदोलन शुरू करने की भी चेतावनी दी गई है।

वहीं बैठक में प्रतापगढ़ जिले के क्षेत्राधिकार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से सम्बद्ध किये जाने की भी मांग की गयी है। इस मौके पर महामंत्री संतोष नारायण मिश्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विवेक शुक्ला, उपाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह व उपाध्यक्ष शिवप्रकाश मिश्र, जीतेन्द्र कुमार सैनी, सर्वेश कुमार शुक्ल, संतोष पाण्डेय, अजय त्रिपाठी, बागेश मिश्र आदि रहे।

## सीओ की फटकार पर चार के खिलाफ दलित उत्पीड़न का मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दलित युवती की पिटाई को लेकर पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ सीओ की फटकार पर शुक्रवार की रात केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के बडी पयागीपुर निवासी कलेशर सरोज के पुत्र दशरथ सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती सोलह नवंबर को शाम पांच बजे हैण्डपम्प से पानी भरने के विवाद मे दबंगो ने लाठी डंडे से उसकी बेटी नलिनी की पिटाई कर दी। पीड़ित ने सीओ को दी गई तहरीर मे कहा है कि गांव के संतोष कुमार वर्मा पुत्र घेर्राऊ तथा शिवपाल के पुत्र धनेश कुमार तथा संतोष की पत्नी बड़का एवं धनेश की पत्नी पानी भरने के विवाद मे उसकी बेटी को जातिसूचक गालियां देने लगे। विरोध करने पर आरोपियो ने पीड़िता की लाठी डंडे से पिटाई कर दी।

## अधेड़ की मौत पर कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के रानीगंज कैथौला क्षेत्र के अर्जुनपुर गांव निवासी मुनेसर सरोज 55 पुत्र रामसुख की आकस्मिक मौत होने से परिजनों मे कोहराम मच गया। रानीगंज कैथौला बाजार में मृतक मुनेश्वर गोविंद केसरवानी की दुकान के साथ अन्य दुकानों पर पल्लेदारी का कार्य करता था। बीती तेरह नवंबर रविवार की देर शाम बाजार से वह काम कर घर वापस लौट रहा था। रास्ते में मुनेश्वर अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। दुर्घटना में गंभीर रूप से चुटहिल को बाजार के लोगों ने इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेंटर भेजवाया। यहां गंभीर स्थिति देख चिकित्सकों ने उसे प्रयागराज रेफर कर दिया। इलाज के दौरान शुक्रवार की रात उसकी मौत हो गई। अधेड़ की मौत से परिजनों मे कोहराम मचा हुआ है।

# छात्राएं कुशल शिक्षिका बनकर राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित हों: निदेशक दूरदर्शन

## साकेत महाविद्यालय में बीएड के नये सत्र का हुआ शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** साकेत गर्ल्स पी0जी0 कालेज दहिलामऊ में लोकेश शुक्ला निदेशक, दूरदर्शन एवं आकाशवाणी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर बी0एड्0 सत्र 2022-24 का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि श्री शुक्ला ने छात्राओं का आह्वाहन किया कि वे कुशल शिक्षिका बनकर राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित होने का संकल्प लें।

इस दौरान लोकेश शुक्ला ने कौमी तराना-हम एक है और एक रहेंगे, को प्रस्तुत कर उस संस्मरण को छात्राओं के बीच में रखा। महाविद्यालय के प्रबंधक अरविन्द श्रीवास्तव ने माल्यार्पण कर एवं छात्राओं ने बैच लगाकर श्री शुक्ला का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की छात्राओं कु0 प्रतिमा सिंह तोमर, कु0 प्रिया सिंह, कु0 रश्मि सिंह, कु0 काजल, कु0 पूजा सिंह, कु0 सुष्मिता केसरवानी द्वारा प्रस्तुत साई वन्दना, सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा कु0 प्रज्ञा श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आये हुए आगन्तुकों का स्वागत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 नीलिमा श्रीवास्तव ने किया।



## मनायी गयी इन्दिरा गांधी की जयन्ती, राष्ट्रीय एकता का लिया गया संकल्प

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अमर शहीद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर यहां चैक स्थित इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर कांग्रेसियो ने माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की मजबूती को लेकर सामूहिक संकल्प जताया। वक्ताओं ने इंदिरा गांधी को देश के विकास तथा सामरिक मजबूती के लिए प्रेरणास्पद व्यक्तित्व कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र व संयोजन चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने किया। संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल द्वारा किया गया। इस मौके पर धीरेन्द्रमणि शुक्ल, छोटे लाल सरोज, बृजेन्द्र मिश्र, जियाउल, मुन्ना शुक्ला, शिवम पाण्डेय, रावेन्द्र मिश्र, सोनू मिश्र, अनुराग पाण्डेय आदि रहे।

## आधी अधूरी बिजली की केबिल खींचकर ठेकेदार गायब

**परियावां, प्रतापगढ़।** विद्युत उप केंद्र कालाकांकर से जुड़े क्षेत्र आलापुर में रेलवे फाटक से एफसीआई गोदाम तक बिजली के तार की जगह मोटी केबिल लगाने का जोरो पर चल रहा है जिसमे शुक्रवार से आधी अधूरी दूर तक केबिल को छोड़कर कर्मचारी लोग गायब हो गए है जिससे उपभोक्ताओं को दो दिन से बिजली नही मिल पा रही है।

## जयंती पर याद की गई महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारत देश की पहली महिला प्रधानमंत्री, आयरन लेडी स्व. इन्दिरा गांधी के जन्म जयंती के अवसर पर आज जिला कांग्रेस कार्यालय इन्दिरा भवन, प्रतापगढ़ में स्व. इन्दिरा गांधी के चित्र पर माला पहनाकर सभी ने पुष्प अर्पित किए एवं नारेबाजी करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। उसके उपरान्त एक बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय, इन्दिरा भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ.लालजी त्रिपाठी एवं संचालन नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इरफान अली ने किया। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष डॉ. लाल जी त्रिपाठी ने कहा कि देश की एकता और अखंडता बरकरार रखने में इंदिरा गांधी का अतुलनीय योगदान रहा है। यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि इन्दिरा गांधी भारत की राजनीति में एक ऐसा नाम है जिनका व्यक्तित्व और कृतित्व सदा चर्चा में रहा। संचालन नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इरफान अली ने किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव आशुतोष तिवारी, कांग्रेस विधि विभाग के जिलाध्यक्ष मकरंद शुक्ला, नगर प्रभारी मो.इश्तियाक, रहमान नेता, जिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व उपाध्यक्ष सोनिया गुप्ता, कांग्रेस सेवादल के उपाध्यक्ष राम रतन तिवारी आदि मौजूद रहे।



इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण करते कांग्रेसीगण।

# डीएम एसपी ने तहसील चायल में सुनी जनशिकायतें

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 52 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 08 शिकायतों का हुआ निस्तारण

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को जनपद के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील चायल में आम-जन की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने के निर्देश दियें। उन्होनें राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं आई0जी0आर0एस0 के तहत प्राप्त शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकताओं के आधार पर निस्तारित किया जाय सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 52 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 08 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।


फरियाद सुनाते जिलाधिकारी व एसएसपी।

समाधान दिवस में शिकायतकर्ता रामदीन निवासी ग्राम-चरवा द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि उनके पट्टे की भूमि पर दबंग व्यक्तियों द्वारा जबरन कब्जा कर लिया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी चायल को प्रकरण की जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार छोटे लाल, निवासी ग्राम-पुरखास द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि विपक्षीगण द्वारा उनकी भूमि पर जबरन कब्जा कर मवेशियों को बॉधा जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी चायल को प्रकरण की जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुषेन्द्र कुमार एवं उप जिलाधिकारी चायल मनीष यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### विश्व शौचालय दिवस पर दिलाई शपथ

**कौशाम्बी।** तहसील समाधान दिवस चायल के उपरांत जिलाधिकारी ने ह्वविश्व शौचालय दिवसह्व के अवसर पर सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों को स्वच्छ भारत शपथ भी दिलायी

# अपने गुनाहों पर पर्दा डालने के लिए राज्य सेतु निर्माण निगम के अधिकारी कर रहे बचकानी बात

## राज्य सेतु निर्माण निगम के भ्रष्ट अधिकारियों ने पुल में तोड़फोड़ करने की बात करके योगी सरकार की कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़ा कर दिया है

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** 292 करोड़ की लागत से गंगा नदी के करेंटी घाट सहजादपुर में राज्य सेतु निर्माण निगम द्वारा पुल बनाया गया था लेकिन पुल बनने के 9 महीने के भीतर ही पुल में दरारें आ गई हैं मामला सुर्खियों में आने के बाद पुल के निर्माण में लगे राज्य सेतु निर्माण निगम के अधिकारियों की मुसीबत बढ़ गई है अपने भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के मकसद से राज्य सेतु निर्माण निगम के जिम्मेदार अधिकारी बचकानी बात करने लगे हैं उनका कहना है कि पुल की सरिया निकालने के लिए अराजक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ की गई है राज्य सेतु निर्माण निगम के भ्रष्ट अधिकारियों ने पुल में तोड़फोड़ करने की बात करके योगी सरकार की कानून व्यवस्था पर भी सवाल

### गंगा नदी करेंटी सहजादपुर घाट में 292 करोड़ की लागत के निर्मित पुल में शुरू हो गई दरार आनी

खड़ा कर दिया है 292 करोड़ की लागत के निर्मित पुल में मशीन लगाकर तोड़ने में भी सरिया निकलना कठिन होता है उस पुल में छीनी हथौड़ी से तोड़फोड़ करने के बाद क्या पुल की सरिया निकाल ली जाएगी उस पुल पर 50 टन वजन या उससे अधिक वजन के वाहन कैसे निकल पाएंगे यह तमाम सवाल खड़े हो रहे हैं।

लेकिन इन भ्रस्ट अधिकारियों ने जिस तरह से बचकानी बात करनी शुरू कर दी है और इन्हें लोगों का समर्थन भी मिलने लगा है इसके पहले भी रेलवे ओवरब्रिज रोही के निर्माण के कुछ महीने बाद दरारें आ गई थी जिस पर तत्कालीन विधायक संजय गुप्ता के दबाव पर पुल को तोड़कर फिर से निर्माण कराया गया है राज्य सेतु निर्माण निगम में घटिया निर्माण और भ्रष्टाचार का यह कोई नया मामला नहीं है इस कार्यदायी संस्था पर बराबर घटिया निर्माण का आरोप लगते आ रहे हैं और जांच के बाद आरोप प्रमाणित भी हो रहे हैं लेकिन फिर भी गंगा नदी में बने पुल में दरार आने के बाद जिम्मेदारों द्वारा बचकानी बात किया जाना आम जनता के गले के नीचे नहीं उतर रहा है जिससे लगता है कि भ्रष्टाचार में पूरा रैकेट सक्रिय है इस प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराई गई तो कई चेहरे बेनकाब होंगे हालांकि तत्काल प्रभाव से पुल पर आवागमन को डीएम ने रोक दिया है।

# चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 334 वाहनों का ई-चालान किया गया।

# सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते चार अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस पुलिस द्वारा चार अभियुक्तों बबली पुत्र बनवारी लाल अर्जुन पुत्र कमलेश गुन्नी पुत्र मुर्दा व रामचरन पुत्र शिवबरन निवासीगण ग्राम पूरब शरीरा थाना पश्चिम शरीरा को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर अभियुक्तों के कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 300 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 250 रुपए बरामद कर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

# कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल में तीन दिवसीय केपीएस फिएस्टा 4 का आगाज

## 20 नवंबर एवं 21 नवंबर को खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन तथा 22 नवंबर को रंगारंग कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम का होगा समापन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** भरवारी स्थित कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज में रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन द्वारा अंतर विद्यालय एवं महाविद्यालय वार्षिकोत्सव खेलकूद प्रतियोगिता 2022 का 20 नवंबर से आयोजन हो रहा है यह कार्यक्रम तीन दिवसीय होना है जिसमें 20 नवंबर एवं 21 नवंबर को खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन होना है तथा 22 नवंबर को कार्यक्रम की समाप्ति के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम का समापन होगा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायाधीश गौतम चौधरी उच्च न्यायालय इलाहाबाद होंगे।

संस्थान के चेयरमैन पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि यह वार्षिकोत्सव त्रिदिवसीय होगा जिसमें पहले दिन और दूसरे दिन खेलकूद


प्रतियोगिता आयोजन के पूर्व बैठक कर रणनीति बनाते पूर्व विधायक संजय गुप्ता।

प्रतियोगिता का आयोजन होगा पहले दिन मार्च पास्ट के साथ कार्यक्रम की शुरूआत होगी सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ प्रतियोगिता का आगाज होगा कार्यक्रम में केपीएस भरवारी ,केपीएस भीटी, एनडी कान्वेंट स्कूल एंड कॉलेज, किड्जी , एंडी जूनियर हाई स्कूल , रिद्धि-सिद्धि कॉलेज आफ हायर एजुकेशन के छात्र एवं छात्राएं प्रतिभाग करेंगे कार्यक्रम में सभी विद्यालय एवं महाविद्यालय के बच्चे 100 मीटर रेस ,200 मीटर रेस , 800 मीटर रेस ,स्टैंडिंग ब्रॉड जंप, बाल्ृ४ीइ रनिंग रेस, जलेबी रेस स्पून रेस आदि नाना प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा जिसमें सभी बच्चे अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने के लिए तैयार हैं साथ ही साथ दूसरे दिन कार्यक्रम में लोंग जंप, हाई जंप, शॉट पुट, जैवलिन , कबड्डी, खो-खो ,वॉलीबॉल ,फुटबॉल, क्रिकेट आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा जिसके लिए बच्चे रोमांचित हैं और निश्चित तौर पर दर्शक दीर्घा में रोमांचकारी दृश्य देखने को मिलेगा सभी बच्चे प्रतिभा से संपन्न है और अपनी प्रतिभा का लोहा अपने खेल के माध्यम से दिखाने की कोशिश करेंगे दूसरे दिन का सबसे प्रमुख आकर्षण का केंद्र लेडीस पेरेंट्स का गेम होगा जिसमें म्यूजिकल चेयर और स्पून गेम शामिल होंगे और सबसे बड़ी बात यह है कि इसके विजेता को इनाम स्वरूप स्कूटी प्रदान की जाएगी जिसके लिए सभी लेडीस पेरेंट्स रोमांचित हैं तीसरे दिन अर्थात 22 नवंबर 2022 का दिन विशेष होगा क्योंकि आज के दिन कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज के फाउंडर मास्टर देव बाबू गुप्ता का जन्मदिन फाउंडर्स डे के तौर पर मनाया जाएगा यह सांस्कृतिक कार्यक्रम निश्चित तौर पर भी बहुत ही भव्य होगा रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन की डायरेक्टर सीमा पवार ने अपने संदेश ने कहा कि निश्चित तौर पर यह कार्यक्रम बहुत ही प्रेरणादाई संदेश देने का कार्य करेगा।


पुस्तक का अध्ययन करते छात्र।

# एक पुस्तक, एक कलम ,एक बालक और एक टीचर बदल सकते है दुनिया

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** उच्च प्राथमिक विद्यालय भवनसुरी के प्रभारी प्रधानाध्यापक नितिन कुमार यादव के कुशल निर्देशन में बच्चे पुस्तकालय में बैठकर पढ़ाई का आनंद ले रहे है। प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा पुस्तकालय के महत्व के विषय बताते हुए कहा गया कि एक पुस्तक, एक कलम ,एक बालक और एक टीचर दुनियां बदल सकते है जिस तरह तलवार की धार बनाने के लिए पत्थर की जरूरत पड़ती है उसी तरह दिमाग की धार के लिए पुस्तक की जरूरत पड़ती है उन्होंने कहा कि अतः स्पष्ट है कि व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में पुस्तकों का बहुत ही महत्व है। और अच्छी पुस्तके पुस्तकालय में ही प्राप्त हो सकती है। पुस्तके मनुष्य की सर्वश्रेष्ठ एवं विश्वसनीय मित्र होती हैं इनमें वो शक्ति है जो मनुष्य को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है तथा कठिन से कठिन समस्याओं के निदान में बल प्रदान करती है। इसलिए बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रत्येक विद्यालय में पुस्तकालय का होना बहुत ही जरुरी है।

# गंगा नदी पर बने सेतु पर 20 एवं 21 नवम्बर को यातायात रहेगा प्रतिबन्धित

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** करेंटी सिराथू मार्ग पर गंगा नदी पर एक्स्ट्रा डोज्ड सेतु जनपद प्रतापगढ़ एवं कौशाम्बी को जोड़ता है, कौशाम्बी की ओर सेतु का भाग थाना कोखराज के अन्तर्गत एवं प्रतापगढ़ की ओर थाना मानिकपुर के अन्तर्गत आता है। दिनांक 14 नवम्बर की रात्रि में कुछ शरारती तत्वों द्वारा सेतु के क्रैश बैरियर को तोड़कर सरिया निकालने का प्रयास किया गया, जिससे क्रैश बैरियर क्षतिग्रस्त हो गया है और सेतु पर ओवरलोड भारी आवागमन की वजह से सेतु के एप्रोच स्लैब के भाग में लगभग 02 मीटर लम्बाई में मिट्टी दब जाने के कारण सड़क बैठ गयी है। सेतु के क्रैश बैरियर एवं सड़क को पूर्णतया ठीक करने के लिए दिनांक 20 एवं 21 नवम्बर 2022 (02 दिवस) को यातायात पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहेंगा।

# सपा विधायक पल्लवी पटेल को रउ से फिलहाल राहत नहीं

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** सिराथू विधानसभा सीट से सपा विधायक पल्लवी पटेल को रउ से फिलहाल राहत नहीं मिली है. सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य निर्वाचन आयोग के नोटिस के खिलाफ पल्लवी सिंह पटेल की अर्जी पर सुनवाई से इंकार कर दिया है. कोर्ट ने पल्लवी सिंह पटेल से कहा कि आप निर्वाचन आयोग के नोटिस का जवाब दें. हम इस स्टेज पर मामले में हस्तक्षेप नही कर सकते हैं। विधानसभा चुनाव में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को हराने वाली पल्लवी पटेल पर चुनाव में नामांकन पत्र में अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमे की जानकारी छिपाने का आरोप है. सिराथू के दिलीप पटेल की इसी शिकायत पर निर्वाचन आयोग ने संज्ञान लेते हुए उनसे जवाब मांगा था. इसके खिलाफ पल्लवी पटेल ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था पल्लवी पटेल ने पिछले विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के मौजूदा उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को सिराथू सीट में शिकस्त दी थी।

# बिजली पानी की समस्या से जूझ रहे भरवारी नगर के लोग

## आम जनमानस की समस्या के समाधान के लिए स्थानीय नेताओं ने नहीं की पहल

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका भरवारी क्षेत्र की जनता पानी और बिजली की समस्या से जूझ रही है लेकिन स्थानीय नेता आम जनमानस के इस विकराल समस्या के समाधान के लिए गंभीर नहीं हैं जिससे आम जनता की समस्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है बीते कई महीने से नगरपालिका क्षेत्र में दूषित पानी की सप्लाई जल निगम की टंकी से हो रहा है कई बार जनता ने हो-हल्ला मचाया लेकिन नगरपालिका से लेकर जिले तक के अधिकारियों के कानों में जूं नहीं रेंगी जिससे नगर वासियों में दिनों दिन आक्रोश बढ़ता जा रहा है और कभी भी आम जनमानस का आक्रोश सड़क पर उतर सकता है।

भरवारी नगर क्षेत्र में सुबह 5:00 बजे बिजली सप्लाई की कटौती कर दी जाती है ठंडी का मौसम शुरू हो गया है और ठंड के दिनों में 5:00 बजे सुबह लोग बिस्तर पर रहते हैं जिससे उनके दिनचर्या का का कार्य नहीं पूरा हो पाता जब नगरवासी बिस्तर से उठकर बाहर उतरते हैं तो बिजली की कटौती हो जाती है और बिजली की कटौती हो जाने के बाद नगर वासियों को पानी की सप्लाई भी जल निगम से नहीं मिल पाती है पानी की टंकी में जो रात में पानी भरा हुआ रहता है सुबह नगर वासियों को उसकी सप्लाई की जाती है वह बेहद गंदा पानी है सप्लाई किए जाने वाले पानी से बदबू उठ रही है जो पीने योग्य नहीं होता है और गंदा पानी बीमारियों को अंजाम दे रहा है लेकिन नगर क्षेत्र में इस विकराल समस्या के समाधान के लिए स्थानीय नेताओं ने भी कमर नहीं कसी है जिससे पूरे नगर क्षेत्र में नेताओं के प्रति लोगों में आक्रोश व्याप्त है गंदे पानी की सप्लाई और बिजली कटौती को लेकर नगर के पुरुषों के साथ-साथ महिला और बच्चों में भी योगी सरकार के अधिकारियों और स्थानीय नेताओं के प्रति जबर्दस्त आक्रोश व्याप्त है आने वाले नगर पालिका के चुनाव में स्थानीय जनता के कोपभाजन का शिकार स्थानीय नेताओं को होना पड़ सकता है।

# कजाकिस्तान राष्ट्रपति चुनाव में भारत के प्रतिनिधि बन पहुंचे डॉ प्रवेश गुप्ता

## कौशाम्बी में जन्में हैं रिसर्चर भारत और एशियाई देशों पर रिसर्च कर पाई ख्याति

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिले के छोटे से कस्बे मंझनपुर के एक सामान्य परिवार से निकलकर आज कजाकिस्तान राष्ट्र के राष्ट्रपति चुनाव में भारत के प्रतिनिधि के रूप में पहुंचकर डॉक्टर प्रवेश कुमार गुप्ता ने एक इतिहास रचा है। जिले के गौरव को उन्होंने बढ़ाने का काम किया है शनिवार की सुबह कजाकिस्तान पहुंचने पर सरकार के प्रतिनिधि के रूप में स्थानीय मेयर ने उनका एयरपोर्ट पहुंचकर स्वागत किया।

जिले के नगर मंझनपुर के एक साधारण परिवार में जन्मे डॉक्टर प्रवेश कुमार गुप्ता शनिवार की सुबह एशियाई देशों के जानकार के रूप में भारत सरकार की ओर से होने वाले मध्यावधि चुनाव में पर्यवेक्षक अधिकारी बनकर कजाकिस्तान के शहर अस्थाना पहुंचे जहां वहां के मेयर के द्वारा एयरपोर्ट पर ही उनका भव्य स्वागत



अधिकारियों के साथ बैठक करते प्रवेश गुप्ता।

किया गया। बताते चलें कि डॉ गुप्ता पिछले कई वर्षो से भारत और एशियन देशों के संबंधों पर रिसर्च कर रहे है। बताते चलें कि स्थानीय कस्बे के साधारण परिवार के मेवा लाल गुप्ता के घर पैदा हुए डॉक्टर प्रवेश कुमार ने कस्बे में कक्षा 7 तक की पढ़ाई पूर्ण किया। इसके बाद आगे की पढ़ाई के लिए इलाहाबाद स्थित के पी कालेज से हाईस्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षा फर्स्ट क्लास में उत्तीर्ण किया। इविंग क्रिस्चायन कॉलेज से स्नातक की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करने के बाद गोल्ड मेडलिस्ट रहे परास्नात्तक की परीक्षा दिल्ली यूनिवर्सिटी से एमफिल पूरा किया। इसी के साथ उन्होंने पीचड़ी जेएनयू से प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण कर भारत और एशियन देशों के संबंधों पर रिसर्च कर रहे है, और देश के लिए कार्य कर रहे है। इसके पूर्व भी उन्होंने कई एशियाई देशों में भारत का प्रतिनिधित्व कर जिले का नाम रोशन किया है।

पिता मेवालाल गुप्ता ने कहा कि जिस तरीके से मेरे बेटे डॉक्टर प्रवेश कुमार ने आर्थिक तंगी के बीच इस बड़े उद्देश्य को प्राप्त किया है वह हमारे और हमारे परिवार के लिए गर्व की बात है। हम हृदय से इस बात का आशीर्वाद देते हैं कि वह दिनों दिन तरक्की करें। यह मुकाम उनके संघर्षों के परिणाम है।

# राजू सक्सेना की मेहनत लाई रंग नेता पस्त

## सड़क नाली ध्वस्त हो जाने से परेशान जनता ने स्थानीय नेताओं से किया था फरियाद

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के बस स्टॉप के पास सेवा सदन अस्पताल को जाने वाली सड़क नाली को ठेकेदारों द्वारा घटिया सामग्री लगाकर बना दिया गया था जो कुछ दिनों बाद जी ध्वस्त हो गई जिससे आम जनता को आने जाने में दिक्कतें होने लगी सड़क और नाली ध्वस्त हो जाने से नगर वासियों को दिक्कतों से जूझना पड़ता था जिस पर कई बार नगर के लोगों ने स्थानीय नेताओं से सड़क और नाली मरम्मत कराए जाने की मांग की लेकिन स्थानीय


बनाई जा रही सड़क।

नेता सड़क और नाली की मरम्मत कराने में अपनी ऊर्जा नहीं लगा सके नेताओं से निराशा हाथ लगने के बाद लोगों ने मामले की शिकायत अधिकारियों से की आम जनमानस की समस्या को अखंड भारत अखबार संदेश समाचार पत्र ने प्रमुखता से प्रकाशित कर घटिया सामग्री से बनकर तैयार की गई सड़क के निर्माण की पोल खोल दी जिस पर नगर पालिका भरवारी के प्रशासक एसडीएम चायल ने मामले को संज्ञान लेते हुए नगर पालिका भरवारी को सड़क बनाने का आदेश पारित किया प्रशासक का आदेश मिलने के बाद नगर पालिका ने सड़क नाली निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू करा दिया है जिसके चलते नगर के लोगों ने प्रशासक और पत्रकार राजू सक्सेना का आभार व्यक्त किया है।

# महामाया राजकीय महाविद्यालय में क्विज निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में कई डिग्री कॉलेज के छात्र छात्राओं ने किया प्रतिभाग

**अखंड भारत संदेश**


प्रतियोगिता के अवसर पर उपस्थित छात्र व शिक्षक

**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा के अंतर्गत शनिवार को जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसके अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता निबंध प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ विनय कुमार सिंह, प्राचार्य महामाया राजकीय महाविद्यालय तथा मुख्य अतिथि तारकेश्वर मल्ल उप संभागीय परिवहन अधिकारी कौशांबी रहे। महामाया राजकीय महाविद्यालय के अतिरिक्त भवंस मेहता पीजी कॉलेज ,महात्मा बुद्ध डिग्री कॉलेज ,बाबू सिंह डिग्री कॉलेज एवं कौशांबी डिग्री कॉलेज के छात्र - छात्राओं ने प्रतिभाग किया पोस्टर प्रतियोगिता में कृतिका पांडेय को प्रथम स्थान आयुषी केसरवानी को द्वितीय स्थान एवं शिवम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रियंका सिंह को द्वितीय स्थान सबा परवीन को तृतीय स्थान ज्योति मिश्र को एवं क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान इकरा नाज को द्वितीय स्थान प्रिंस वर्मा को तथा तृतीय स्थान आयुषी जयसवाल को मिला पोस्टर प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में डॉक्टर रीता दयाल डॉक्टर अनिल कुमार तथा राजेंद्र भारतीय रहे । निबंध प्रतियोगिता में डॉ अजय कुमार, डॉ नीलम बाजपेई डॉ राहुल राय तथा क्विज प्रतियोगिता में डॉ अरविंद कुमार ,डॉक्टर नीरज कुमार सिंह डॉक्टर मोहम्मद आदिल निर्णायक की भूमिका में रहें। इस कार्यक्रम में डॉ0 नीरज कुमार सिंह डॉ पवन कुमार कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस, डॉ अमित कुमार शुक्ल ,डॉ भावना केसरवानी ,डॉ रमेश चंद्र ,डॉ0 तरित अग्रवाल आदि ने उक्त कार्यक्रम में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## संपादकीय

### गुल गुल करते गुगल भैया

**साहब टेढ़े** लोगों के लिए सीधे-सादे कपड़े पहनकर जायेंगे तो वे हमारा कचूमर बना देंगे। वैसे भी हमें ऐसे कपड़ों में जाने की क्या जरूरत है? यूनिफार्म में चलते हैं। लोगों में रौब बना रहेगा। कांस्टेबल ने कहा। यही तो मुश्किल है। यह यूनिफार्म डराने के लिए इतना बदनाम हो चुका है कि भरोसे का परिंदा इसके आसपास फटकने से भी डरता है। चोर-उचक्के इतने अडवांस हो गए हैं कि उन्हीं के चलते बड़ी-बड़ी कंपनियाँ फेस डिटेक्टर, थंबप्रिंट एनेबल तकनीकों से लैस डिवाइस बनाने लगे हैं। अब ऐसे में उन्हें पकड़ना रिश्वत खाने जितना आसान नहीं है। इसीलिए सरकार ने आदेश दिया है कि सभी चोर-उचक्कों, अपराधियों, गुंडे मवालियों के घरों की जियो टैगिंग करें। उन्हें भनक न लगे इसके सादे कपड़े में जाना होगा। सब इंस्पेक्टर ने कहा। लगता है सरकार का दिमाग खराब हो गया है। भला इन अपराधियों का कोई घर होता है, जो इन्हें जियो टैगिंग कर गूगल मैप्स की सहायता से पकड़ लेंगे? वे अपराधी हैं! अपराधी! उनके यहाँ हमारी तरह भर्ती में देरी नहीं होती। हमारे यहाँ तो चुनावों से ठीक पहले भर्ती की जाती है, जिससे बेरोजगारों में यह विश्वास बना रहे कि ऊँट के मुँह में जीरा गलत मुहावरा नहीं है। उनका नेटवर्क जेट स्पीड की तरह काम करता है। और एक हम हैं जो नेटवर्क की स्पीड तो दूर अभी भी बाबा आदम के जमाने के तकनीकों का इस्तेमाल करते हैं। हम जब तक सोचते हैं, वे तब तक करके दिखला देते हैं। हमारी कथनी बोलती है और उनकी करनी। विधानसभा में हमारे नाम पर लोखो-करोड़ों का बजट पारित कर दिया जाता है। जमीन तक पहुँचते-पहुँचते और नेताओं के पेट से होते हुए वही बजट शून्य बनकर हमें पराजित करने के लिए बड़ा सा ठेंगा दिखाने हमारे सामने खड़ा हो जाता है। यहाँ तो हर भर्ती संवैधानिक नियमों का हवाला देते हुए आरक्षण के आधार पर किया जाता है। उनके यहाँ भर्ती केवल काबिलियत के आधार पर होती है। यही कारण है कि आए दिन अनगिनत चोर-उचक्के हमारी आँखों में धूल झोंककर नौ दो ग्यारह हो जाते हैं। अब आप ही बताइए कि ऐसे में जियो टैगिंग करने का क्या फायदा होगा? पिछले कई वर्षों से प्रमोशन की आस लगाए बैठे निराशावादी कांस्टेबल ने कहा। इतना भी निराश होने की जरूरत नहीं है। हो सकता है कि जियो टैगिंग करने के बाद हालात बदल सकते हैं। पहले से ज्यादा अपराधियों को पकड़ने में सुविधा हो सकती है। इतना कहते हुए सब इंस्पेक्टर इलाके के सबसे बड़े गुंडे के घर पहुँचा। खुद को स्वास्थ्य विभाग का कर्मचारी बताकर घर में बैठने के बारे में सोच ही रहे थे कि गुंडे ने कहा झ्र नमस्ते सब इंस्पेक्टर साहब! आपका नाम रामलाल, उम्र चौवालीस साल, रंग सांवला, कद 6 फुट 3 इंच, अब तक चार बार ट्रांसफर हो चुका है और यहाँ जियो टैगिंग करने के लिए आए हैं।

## जी-20 की अध्यक्षता, या कांटे का ताज?

**पुष्परंजन**

**स्टॉक**होम स्थित 'सिपरी' की रिपोर्ट थी कि 2012 में भारत रूस से 69 प्रतिशत हथियार आयात करता था, 2017 आते-आते 47 फीसद रह गया था। सवाल यह है कि मोदी यूक्रेन मामले पर समरकंद से ही इतने मुखर क्यों हो गये? रूस और भारत के बीच अंदर ही अंदर क्या चल रहा है, इसे खंगालने की जरूरत है। थोड़ा मिस-कैलकुलेशन हो गया, वरना आजादी के अमृत वर्ष में जी-20 शिखर सम्मेलन का डंका भी दिल्ली में अच्छे से बजता। इंडोनेशिया के नूसा डुआ में भारत को जी-20 की अध्यक्षता लेते समय सिफ घंटे पर हथौड़ा भर मारना था। उसकी गूंज, जितनी होनी चाहिए थी, हुई नहीं। कायदे से यह अध्यक्षता भारत को 2021 में ले लेनी चाहिए थी। उसका फायदा यह होता कि 2022 में जी-20 शिखर सम्मेलन का समा नई दिल्ली में बंधता, अमृत वर्ष में चार चांद लग जाता। चार साल पहले, इसका ठीक से गुणा-भाग नहीं किया था। 30 नवंबर से 1 दिसंबर 2018 तक अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स में जी-20 की शिखर बैठक थी। समापन वाले दिन पीएम मोदी का आग्रह था कि हम जी-20 की अध्यक्षता 2021 के बदले 2022 में लेंगे। इस वास्ते इटली को मनाना आवश्यक था। अर्जेंटीना के बाद 2019 में जापान, नवंबर 2020 तक सऊदी अरब, और इंडिया का टर्न 2021 में आ चुका था। 2022 में जी-20 की अध्यक्षता की बारीइटली की थी। इटली के प्रधानमंत्री जुसेपे कोंते जी-20 की अध्यक्षता को आगे-पीछे करने के वास्ते सहजता से कैसे राजी हो गये? जिसने भी सुना, हैरान हुआ। यूनस आयर्स में जी-20 की शिखर बैठक से महीना भर पहले जुसेपे कोंते 30 अक्टूबर 2018 को दिल्ली आये थे। कोंते की उस यात्रा में भारत-इटली के बीच आर्थिक व टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में सहकार के बड़े-बड़े संकल्प किये गये थे। 29 और 30 अक्टूबर 2018 को पीएम मोदी को जापान में रहना था, मगर जुसेपे कोंते से मिलने की शिद्दत इतनी थी, कि उस यात्रा को थोड़ा पीछे किया गया। आजादी के अमृत वर्ष में भारत को जी-20 की अध्यक्षता का अवसर मिला तो मगर, जिस दिव्य समारोह का दीदार देश की जनता अमृत वर्ष में करती, उससे वंचित रह गई। इंडोनेशिया के नूसा डुआ में जी-20 की अध्यक्षता सौंपने वाले परिदृश्य को दिखाना और उसकी चर्चा विश्व मीडिया की विवशता थी, वरना भारत तो पहले पन्ने से गायब ही दिख रहा था। अमेरिकी-यूरोपीय मीडिया से लेकर पूर्वी एशिया के तमाम अखबार, ग्लोबल टाइम्स, जकार्ता पोस्ट तक खंगाल लीजिए, शी और जो बाइडन पूरा मीडिया कवरेज ले रहे थे, पीएम मोदी सीन से गायब। विश्व मीडिया, 'बेइमान मीडिया' के बतौर दिख रहा था। क्षति पूर्ति के लिए भारतीय एजेंसियों व टीवी चैनल पत्रकार ढो-ढोकर ले जाए गये थे। इंडोनेशिया का भारतीय समुदाय कैसे पीएम मोदी का वेलकम कर रहा है, वैसे इवेंट को दिखाना हमारे फ रॅन कवरेज का हिस्सा हो चुका है, इसे मीडिया के विद्यार्थी अच्छे से समझ लें। प्रधानमंत्री मोदी, शी चिनफिंग से हाथ मिलाते हैं, मालूम नहीं चीनी मीडिया के लिए यह खबर क्यों नहीं बनी। बंदअक्ल है, वहां का मीडिया। केवल शी और जो बाइडेन पर केंद्रीत कवरेज।

# अच्छी आदतों के निर्माण का संकल्प लें

**-ललित गर्ग-**

**आज का इंसा**न नकारात्मक को ओढ़े नानाप्रकार की समस्याओं से जूझ रहा है,हर इंसान अपनी आदतों को लेकर परेशान है। ऐसा नहीं है कि आज का आदमी समय के साथ चलना न चाहे, बुरे आचरण एवं आदतों को छोड़कर अच्छी जिन्दगी का सपना न देखे, बुराई को बुराई समझने के लिये तैयार न हो। सोचना यह है कि हम गहरे में जमें संस्कारों एवं जड़ हो चुकी आदतों को कैसे दूर करें। जड़ तक कैसे पहुंचे। बिना जड़ के सिर्फ फूल-पत्तों का क्या मूल्य? अच्छा जीवन जीने एवं श्रेष्ठता के मुकाम तक पहुंचने के लिये अच्छी आदतों को स्वयं में सहेजना होगा, बाहरी अवधारणाओं को बदलना होगा, जीने की दिशाओं को मोड़ देना होगा। अंधेरा तभी तक डरावना है जब तक हाथ दीये की बाती तक न पहुंचे। जरूरत सिर्फ उठकर दीये तक पहुंचने की है।



विलियम जेम्स ने अपनी पुस्तक ह्यदि प्रिंसिपल ऑफ साइकोलॉजीह्ल में मनोवैज्ञानिक ढंग से चर्चा करते हुए लिखा है-ह्यअच्छा जीवन जीने के लिए अच्छी आदतों का बनाना जरूरी है। और अच्छी आदतों के निर्माण के लिए अभ्यास जरूरी है। यदि हम अभ्यास किए बिना ही यह चाहें कि हमारे आदतें बदल जाएं तो ऐसा कभी नहीं होगा। असफलता ही हाथ लगेगी।ह्ल उन्होंने अच्छी आदतों के निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण सूत्र प्रस्तुत किया हैं कि अच्छी आदतें डालनी हों तो सबसे पहले अच्छी आदतों का चिन्तन करो, अभ्यास करो और बुरी आदतों को रोको। नकारात्मकता को छोड़ों।

अच्छी आदतें डालने के लिए शरीर को एक विशेष प्रकार का अभ्यास देना जरूरी है। क्योंकि शरीर की विशेष स्थिति का निर्माण किए बिना हमारी आदतें अच्छी नहीं हो सकतीं। स्नायुओं को हमने जो पहले से आदतें दे रखी हैं, उनको यदि हम नहीं बदलते तो वे एक चक्र की भांति चलती रहती हैं। ठीक समय आता है और मिठाई खाने की बात याद आ जाती है, क्योंकि हमने जीभ को एक आदत दे रखी है। ठीक समय आता है और स्नायु उस वस्तु की मांग कर लेते हैं। खाने की सोचने, विचार करने की, कार्य करने की जैसे आदत हम स्नायुओं में डाल देते हैं, वैसी आदत हो जाती है। जो लोग बहुत ऊंचे मकानों में रहते हैं, वे पहली बार जब सीढ़ियों से उतरते हैं तब बहुत सावधानी से उतरते हैं। दूसरी-तीसरी बार उतरते हैं तो सावधानी कम हो जाती है और जब सौवीं बार उतरते हैं तो कोई सावधानी की जरूरत नहीं होती। पैर अपने आप एक-एक सीढ़ी उतरते हुए नीचे आ जाते हैं। चलने के साथ मन को जोड़ने की वहां आवश्यकता नहीं होती। टाइप करने वाले प्रारंभ में अक्षरों को देख-देखकर टाइप करना सीखते हैं। जब वे अभ्यस्त हो जाते हैं, तब उनकी अंगुलियां अभीष्ट अक्षरों पर पड़ती हैं और जैसा चाहा वैसा टाइप हो जाता है। फिर ह्यकी बोर्डह्ल को देखने की आवश्यकता नहीं होती, क्योंकि अंगुलियां अभ्यस्त हो चुकी हैं।

हम बदल सकते हैं अपनी आदतों को और स्वभाव को, अपनी नकारात्मकता को। चाहे वह आदत शराब की हो या अन्य किसी व्यसन की। झूठ, चोरी, छल-कपट की हो या बुरे आचरण की। बदलाव के लिये गणित का कोई फामूर्ला नहीं चाहिए। बड़ी-बड़ी ज्ञान एवं उपदेश से पहले सिर्फ चाहिए यह संकल्प कि मैं बदल सकता हूं। आधी गिलास के खाली होने का ही खयाल रहा तो आधी गिलास भरा होना पूरी तरह से आंखों से ओझल हो जाता है, तब मन शिकायतों से भर जाता है। इसी नकारात्मकता की दीवार को गिराना जरूरी है। अक्सर हम जिन स्थितियों में होते हैं, उसके लिए हम ही जिम्मेदारी होते हैं। हम ही अपने इर्द-गिर्द नकारात्मक विचारों की दीवार खड़ी करते हैं। वही दीवार आत्मविश्वास के जादुई चिराग तक पहुँचने के सारे रास्ते को बंद कर देती है, आशा को निराशा में, सफलता को असफलता में एवं हर्ष को विषाद में बदल देती है। फ्रैंसी लैरियू स्मिथ ने कहा कि ह्लप्रेरणा के पीछे सबसे महत्वपूर्ण बात लक्ष्य तय करना होता है। आपका हमेशा एक लक्ष्य अवश्य होना चाहिए।ह्व

नकारात्मकता की कुछ ईटों पर लिखा है, ह्यतुम्हें भला क्या मालूम है ?ह्ल उन ईंटों पर लिखे इस वाक्य को मिटाकर आप लिख दो ह्यमुझे काफी कुछ मालूम हैं।ह्ल यही आत्म विश्वास और इच्छाशक्ति जरूरी है। डा. राबर्ट ने कहा कि ह्लउन सभी कारणों को भूल जाएं कि कोई कार्य नहीं होगा। आपको केवल एक अच्छा कारण खोजना है कि यह कार्य सफल होगा।ह्व मान लो, आप एक गायक बनाना चाहते हो. गायक बनने के लिए सिर्फ इतना ही जरूरी नहीं है कि आप अपनी आलोचना से न घबराओ। उसके लिए यह भी जरूरी है कि आपको गाना भी आता हो। यहीं पर प्रशिक्षण की आवश्यकता पडती है। जीवन ही हर घटना ऐसे ही प्रशिक्षण से सकारात्मक बनती है। इसी सन्दर्भ में डेनिस वेटले ने कहा कि ह्लयदि आप यह मानते हैं कि आप कर सकते हैं, तो संभवतः आप कर सकते हैं। यदि यह सोचते हैं कि आप नहीं कर सकते, तो आप सुनिश्चित रुप से नहीं कर सकते। विश्वास वह स्विच है जो आपको आगे बढ़ाता है।ह्व

हर व्यक्ति समस्याग्रस्त है। अभाव सबको महसूस होता है तो यह भीतर की समस्या है। इसे खरबपति बन कर नहीं सुलझाया जा सकता, क्योंकि तृष्णा प्रबल है और कितना भी मिल जाए संतोष नहीं होगा। संतोष की चेतना जाग जाए तो पास में कुछ भी नहीं होने पर भी आप स्वयं को कुबेरपति अनुभव करेंगे। यह स्थिति आदमी को हर क्षण बेचैन किए रहती है। जीवन में संतुलन जरूरी है। कभी भी अपने आपको कमजोर नहीं मानना चाहिए। पोप लेव ने कहा है कि न तो कोई इतना धनाढ्य है कि उसे दूसरे की सहायता की आवश्यकता न हो और न ही कोई इतना दरिद्र है कि किसी भी रूप में अपने साथियों के लिये उपयोगी सिद्ध न हो सके। एक मनीषी ने लिखा है ह्यह्ययह शरीर नौका है। यह डूबने भी लगता है और तैरने भी लगता है। क्योंकि हमारे कर्म सभी तरह के होने से यह स्थिति बनती है। इसीलिये बार-बार अच्छे कर्म करने की प्रेरणा दी जाती है। लेकिन ऐसा हो नहीं पाता है। हमें यह समझ लेना चाहिए कि जिस प्रकार एक डाल पर बैठा व्यक्ति उसी डाल को काटता है तो उसका नीचे गिर जाना अवश्यम्भावी है, उसी प्रकार गलत काम करने वाला व्यक्ति अन्ततोगत्वा गलत फल पाता है। कर्म की ही भांति मनुष्य की सोच और विचार भी उन्नत होने चाहिए। स्वामी विवेकानन्द का मार्मिक कथन है कि हम वही है, जो हमारे विचार हमें बनाते हैं, इसलिये आप क्या सोच रहे है, उसका खास ख्याल रखिये। शब्दों को इतना महत्व नहीं, लेकिन विचार हमेशा उद्वेलित करते हैं। वे दूर तक जाते हैं।ह्ल बहुत सारी बातें हैं, जिन्हें लोग मानते तो हैं, किन्तु जानते नहीं। मानी हुई बात बिना जाने बहुत कार्यकारी नहीं होती। जब उसकी सचाई सामने आती है तो फिर मानने की जरूरत नहीं रह जाती। लेकिन मानना जरूरी भी है। आप न मानें तो जीवन चलना कठिन हो जाए, किन्तु मानने तक ही स्थिर नहीं हो जाना है, उसके आगे की बात भी सोचनी है। केवल मानते ही रहे, जानने की कोशिश नहीं की तो प्रगति का द्वार बंद हो जाएगा।

# ईडब्ल्यूएस संशोधन पर फैसले के निहितार्थ क्या हैं?

**- डॉ. अजीत रानाडे**

**अच्छे वेतन,** स्थिर और उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियों की कमी के कारण ईडब्ल्यूएस आरक्षण में बहुत राजनीतिक स्वार्थ है। वैसे भी अधिकांश नौकरियां निजी क्षेत्र में पैदा होने जा रही हैं जिसमें कोटा लागू नहीं होता है। इसलिए सामाजिक या आर्थिक अन्याय को ठीक करने का सबसे विश्वसनीय तरीका अर्थव्यवस्था में नौकरियों और आजीविका का उच्च, निरंतर व समावेशी विकास है।

जनवरी 2019 में संसद ने सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश के लिए 103 वां संविधान संशोधन पारित कर आरक्षित कोटा की एक नई श्रेणी बनाई थी। यह आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (इकॉनामिकली वीकर सेक्शन- ईडब्ल्यूएस) के व्यक्तियों के लिए 10 प्रतिशत का एक नया कोटा था। इस संशोधन की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली कई याचिकाएं दायर की गईं थीं। बड़ी बात यह है कि संसद में बिना किसी बहस के यह महत्वपूर्ण संशोधन पारित किया गया था। इसका कारण यह था कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के पास निचले सदन, लोकसभा में पूर्ण बहुमत है। तमिलनाडु से सांसद सुश्री कनिमोई ने इस संशोधन के खिलाफ कुछ आपत्तियां उठाई थीं लेकिन संशोधन काफी हद तक बिना किसी चर्चा के पारित हो गया।

सुप्रीम कोर्ट ने पिछले हफ्ते अपने फैसले में ईडब्ल्यूएस कोटा की संवैधानिकता को बरकरार रखा और इसे चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया। पांच सदस्यीय पीठ के फैसले में सर्वसम्मति से इस बात की पुष्टि की गई कि आरक्षण के लिए आर्थिक मानदंडों को आधार के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

याचिकाकताओं ने इसी बात को चुनौती दी थी। पीठ अपने निष्कर्ष में भी एकमत थी कि इस नई श्रेणी के कारण अब संवैधानिक रूप से अनिवार्य आरक्षण (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अब ईडब्ल्यूएस) का कुल हिस्सा 50 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा और यह संविधान के खिलाफ नहीं है।

याचिकाकताओं ने अपनी दलीलों में इस मुद्दे को भी रखा था। पीठ में एकमात्र मुद्दे पर 3-2 से मतभेद था कि क्या एससी, एसटी व ओबीसी समूहों को ईडब्ल्यूएस की नई बनाई गई श्रेणी से बाहर रखा जा सकता है। बहुमत का विचार है कि उन्हें बाहर रखना ठीक था।

इस संशोधन तथा देश की सुप्रीम कोर्ट द्वारा इसे प्रदान की गई वैधता के कई परिणाम हैं जिनमें से कुछ पर नीचे चर्चा की जाएगी। क्या इस फैसले ने संविधान के मूल ढांचे की रक्षा के सिद्धांत को झटका दिया है? सुप्रीम कोर्ट के 1973 के ऐतिहासिक फैसले के बाद से इसका अनुपालन किया जा रहा था। इस बहुचर्चित निर्णय ने स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं किया कि मूल संरचना का क्या अर्थ है। इसने संविधान में संशोधन पारित करने की संसद की शक्ति को भी प्रतिबंधित नहीं किया लेकिन यह जरूर कहा कि इतने अतिवादी संशोधन पारित नहीं किये जा सकते कि वे हमारे संविधान के मूल सिद्धांतों को विकृत कर दें। संसद सर्वोच्च है किन्तु संविधान की भावना सर्वोपरि है।

आर्थिक मानदंडों के आधार पर विशेष उपचार (आरक्षण) देकर एक नई श्रेणी बनाकर क्या हमने समानता के अधिकार (अनुच्छेद 14) का उल्लंघन किया है? या अनुच्छेद 14 और 15 को अनदेखा कर एससी, एसटी और ओबीसी समूहों को इस नई श्रेणी से बाहर करके गैर-भेदभाव के सिद्धांत का उल्लंघन किया गया है?

न्यायशास्त्र के विद्वानों को इस पर विचार करना चाहिए। इस विषय पर पहले ही बहुत कुछ लिखा जा चुका है और आगे भी लिखा जाएगा। अयान गुप्ता ने इस विषय पर एक गंभीर विश्लेषण किया है जिसे ल्लूङ्क्षिल्ल'६स्त्रॅ'.६ङ्क१स्त्रि१२२.ङ्क ब्लॉग पर पढ़ा जा सकता है। इस बात की बहुत संभावना है कि आने वाले दिनों में शीर्ष अदालत के इस फैसले की समीक्षा एक बड़ी पीठ द्वारा की जा सकती है। वैसे अभी के लिए हम संशोधन और निर्णय के अन्य पहलुओं पर विचार करें। सबसे पहले तो यह स्पष्ट है कि संशोधन अपने आप में राजनीति से प्रेरित था। भारतीय राजनीति में 'कोटा' शब्द रेडियोधर्मी तत्व की तरह असर करता है और एक धारणा है कि संशोधन उच्च जाति के मतदाताओं के वोट बैंक को लाभ पहुंचाने के लिए पारित किया गया था, परन्तु अब मुस्लिम और ईसाई भी ईडब्ल्यूएस कोटा के लिए पात्र हो गए हैं। दूसरे, हमारे संविधान में जाति के आधार पर 'कोटा' लंबे समय से चले आ रहे और ऐतिहासिक अन्याय को ठीक करने के लिए था। 'कोटा' उन लोगों की मदद के लिए है जो पीढ़ियों से सामाजिक पिछड़ेपन से पीड़ित हैं।

आखिर आर्थिक पिछड़ेपन को ऐतिहासिक अन्याय और सामाजिक पिछड़ेपन से उपजे सामाजिक पिछड़ेपन की श्रेणी में कैसे रखा जा सकता है? एक व्यक्ति जिसकी आर्थिक स्थिति कमजोर है वह उसे प्रयास या भाग्य या दोनों के साथ बदल सकता है। यहां तक कि किसी व्यक्ति का धर्म भी उसकी पसंद का विषय हो सकता है, पर जाति जन्म से ही एक अपरिवर्तनीय निशानी है। इसलिए जाति आधारित भेदभाव आर्थिक अभाव के समान नहीं है। तीसरा, ईडब्ल्यूएस कोटा की पात्रता के लिए तय की गई कट ऑफ सीमा 8 लाख रुपये की वार्षिक आय है जो एक बहुत ही उदार सीमा लगती है। यह गरीबी रेखा से बहुत ऊपर है। एक अनुमान के मुताबिक भारत में 95 प्रतिशत से अधिक परिवार इस सीमा के अंतर्गत आएंगे। तो क्या यह गरीबों को कोटा आधारित अवसर प्रदान करने का उपाय है या यह सभी को मौका देने का प्रयत्न है?

चौथा, यदि वास्तव में ईडब्ल्यूएस कोटा गरीब परिवारों के लोगों की मदद करने के लिए है तो आइए, हम गरीबी रेखा से नीचे के लोगों की प्रोफाइल देखें! सरकार के सिन्हो आयोग के अनुसार गरीबी रेखा से नीचे के लगभग 82 प्रतिशत लोग अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के हैं। (मेजर जनरल (रिटायर्ड) एस. आर. सिन्हो के नेतृत्व में तीन सदस्यीय आयोग का गठन यूपीए सरकार के समय में किया गया था।) गरीबी और सामाजिक पिछड़ेपन के बीच गहरा संबंध है लेकिन ईडब्ल्यूएस कोटा में उन श्रेणियों को अवसरों से वंचित कर दिया है। इसी मुद्दे पर दो न्यायाधीशों ने संवैधानिक सिद्धांत के रूप में असहमति व्यक्त की है। बहरहाल, गरीबी के बारे में व्यावहारिक दृष्टिकोण से भी क्या यह गरीबों की मदद करने के लिए बनाई गई नीति के रूप में संदिग्ध नहीं लगता है? यह कुछ इस तरह कहना है ।

# इंदिरा गांधी को याद करने की जरूरत

**- एल एस हरदेनिया**

**इंदिराजी ने अ**पने प्रधानमंत्रित्व के दौरान कुछ ऐसे करिश्माई काम किए जो शायद एक साधारण राजनीतिज्ञ नहीं कर सकता। प्रधानमंत्री बनने के तीन वर्ष बाद उन्होंने बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया और राजा-महाराजाओं को मिलने वाला प्रिवी पर्स बंद कर दिया। प्रिवी पर्स के रूप में राजा-महाराजाओं को एक प्रकार की मासिक पेंशन मिलती थी। इस तरह उन्होंने देश के औद्योगिक घरानों और सामंती ताकतों को नाराज कर दिया। 31 अक्टूबर को देश ने आयरन मैन सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई। परंतु 31 अक्टूबर का एक और महत्व है। उस दिन देश की तीसरी प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या की गई थी। उसके पूर्व पूरा देश उन्हें आयरन वूमेन के रूप में स्वीकार कर चुका था। इकतीस अक्टूबर को भारत सरकार ने सरदार पटेल को याद करते हुए विज्ञापन निकाले परंतु इंदिरा गांधी को पूरी तरह भुला दिया गया। न सिर्फ इंदिराजी को भुलाया जा रहा है परंतु उनके महान पिता स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेता जवाहरलाल नेहरू को भी पूरी तरह से भुला दिया गया है। 14 नवंबर को उनका जन्म दिन मनाया जाता था। उस दिन सारे देश के बच्चे उन्हें 'चाचा नेहरू' के रूप में याद करते थे। 14 नवंबर सारे देश में बाल दिवस के रूप में मनाया जाता था। अब सरकार के स्तर पर यह सब कुछ बंद है। अधिकांश समाचार पत्र अब 14 नवंबर को नेहरू जी को याद नहीं करते हैं। लगता है इन समाचार पत्रों के कर्ता-धताओं की यह सोच होगी कि कहीं हमने नेहरूजी की फोटो छापी तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नाराज न हो जाएं। यही स्थिति इंदिराजी के संबंध में है। उन्हें भी केन्द्र सरकार और भाजपा शासित राज्य सरकारें याद नहीं करती हैं। परंतु इंदिराजी ने अपने प्रधानमंत्रित्व के दौरान कुछ ऐसे करिश्माई काम किए जो शायद एक साधारण राजनीतिज्ञ नहीं कर सकता। प्रधानमंत्री बनने के तीन वर्ष बाद उन्होंने बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया और राजा-महाराजाओं को मिलने वाला प्रिवी पर्स बंद कर दिया। प्रिवी पर्स के रूप में राजा-महाराजाओं को एक प्रकार की मासिक पेंशन मिलती थी। इस तरह उन्होंने देश के औद्योगिक घरानों और सामंती ताकतों को नाराज कर दिया। इसके कुछ समय बाद देश को पूर्वी पाकिस्तान की समस्या का सामना करना पड़ा। इस समस्या के दो प्रमुख कारण थे। पहला, पाकिस्तान की केन्द्रीय सरकार पूर्वी पाकिस्तान पर उर्दू लादना चाहती थी और दूसरा यह कि पाकिस्तान में हुए चुनाव में अवामी लीग की जीत हुई थी जिसे स्वीकार करने को पश्चिमी पाकिस्तान के नेता तैयार नहीं थे। अवामी लीग की जीत के चलते पूर्वी पाकिस्तान के सर्वमान्य नेता शेख मुजीबुर रहमान को प्रधानमंत्री बनाया जाना था परंतु ऐसा नहीं होने दिया गया। इसके विरूद्ध पूर्वी पाकिस्तान की जनता ने विद्रोह कर दिया। मुक्ति वाहिनी का गठन कर वहां के निवासियों ने पश्चिमी पाकिस्तान के विरूद्ध विद्रोह का झंडा उठा लिया। इस विद्रोह को दबाने के लिए पश्चिमी पाकिस्तान के शासकों ने देश की सेना का उपयोग किया। सेना ने पूर्वी पाकिस्तान में तरह-तरह की ज्यादतियां कीं जिससे जनता का आक्रोश और बढ़ गया। जुल्मों की इंतिहां इतनी हो गई कि पूर्वी पाकिस्तान के नागरिक भारत में शरण लेने लगे। स्वाभाविक था कि ऐसी स्थिति में इंदिराजी मूकदर्शक नहीं बनी रह सकीं थीं। उन्होंने पाकिस्तान की फौज के विरूद्ध पूर्वी पाकिस्तान की सहायता करना प्रारंभ कर दिया। परिस्थितियों ने ऐसा मोड़ लिया कि अंततः पूर्वी पाकिस्तान अलग हो गया और बांग्लादेश के नाम से से दुनिया के नक्शे पर एक नए देश का उदय हुआ। उस समय अमेरिका ने पाकिस्तान की मदद करने की कोशिश की। परंतु इसके बावजूद इंदिराजी ने जिस निर्भीकता से परिस्थितियों का मुकाबला किया उससे प्रभावित होकर अटल बिहारी वाजपेयी ने उन्हें दुर्गा माता कहकर संबोधित किया। बांग्लादेश की समस्या का सफल निवारण करने के कारण इंदिराजी की लोकप्रियता आसमान छूने लगी। इसके बाद हुए चुनाव में उन्हें अभूतपूर्व सफलता मिली। शायद उनकी लोकप्रियता प्रतिपक्ष के नेताओं को अच्छी नहीं लगी। इसलिए उनके विरूद्ध वातावरण बनाना प्रारंभ कर दिया। इस बीच एक ऐसी घटना घटी जिसकी इंदिराजी को उम्मीद नहीं थी। समाजवादी नेता राजनारायण ने उनके चुनाव को चुनौती देते हुए इलाहबाद उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल कर दी। याचिका को मंजूर करते हुए इलाहबाद हाईकोर्ट के जज जगमोहन सिन्हा ने उनके चुनाव को अवैध घोषित कर दिया। जिसके चलते उन्हें प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे देना था। परंतु उन्होंने ऐसा नहीं किया जिससे सारे देश में उनके इस्तीफे की मांग उठने लगी और अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो गई। जयप्रकाश नारायण ने इस असंतोष का नेतृत्व संभाल लिया। उन्होंने देश की सेना और पुलिस से अपील की कि वह इंदिराजी के आदेशों को न मानें। ऐसा आदेश अत्यधिक खतरों से भरपूर था। ऐसी स्थिति में यदि सेना इंदिराजी को अपदस्थ कर देश की सत्ता पर कब्जा कर लेती तो हमारे देश की हालत पाकिस्तान जैसी हो जाती। शायद ऐसी स्थिति का मुकाबला करने के लिए इंदिराजी ने देश में आंतरिक आपातकाल लागू कर दिया। आंतरिक आपातकाल का प्रावधान हमारे देश के संविधान में है। आपातकाल के दौरान कुछ अच्छी बातें हुईं। पर प्रेस सेंसरशिप और मूलभूत अधिकारों के निलंबन का काफी विरोध हुआ। इसी दरम्यान संजय गांधी के मोर्चा संभालने से आपातकाल अलोकप्रिय हो गया। इसी बीच इंदिराजी ने पुनर्चिंतन प्रारंभ कर दिया और चुनाव की घोषणा कर दी जिसका सर्वत्र स्वागत हुआ। जिस समय इंदिराजी ने चुनाव की घोषणा की उस समय मैं मास्को में था। वह एक राजनयिक ने यह दावा किया कि इंदिराजी ने यह जानते हुए चुनाव की घोषणा की है कि वे चुनाव हार जाएंगीं। मैंने उनसे पूछा कि इंदिराजी ने ऐसा खतरा क्यों मोल लिया है तो उन्होंने अंग्रेजी में (उनके खून में प्रजातंत्र है)। जैसा कि अनुमान था, चुनाव में उनकी हार हुई। परंतु उसके बाद प्रतिपक्ष ने जो शासन दिया वह अत्यधिक घटिया था। प्रतिपक्ष की सरकार ढाई साल से ज्यादा नहीं चल सकी और सन 1980 में मध्यावधि चुनाव हुए और देश ने पुनः इंदिराजी के हाथ में सत्ता सौंप दी। इस बीच इंदिराजी को एक और मुसीबत का सामना करना पड़ा। वह थी सिक्खों का आतंकवाद। सिक्खों का आतंकवाद सिर्फ आंतरिक समस्या नहीं थी उसकी जड़ें विदेशों तक में फैली थीं। पंजाब की स्थिति की चर्चा करते हुए इंदिराजी ने देश को सचेत करते हुए कहा था ।

## जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का किया गया निरीक्षण



**अखंड भारत संदेश**
**उन्नाव । तहसील** बांगरमऊ सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर डीएम श्रीमती अपूर्वा दुबे द्वारा लोगों की समस्याएं सुनीं गयीं तथा कौमी एकता सप्ताह के दृष्टिगत तहसील सभागार में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को एकता शपथ दिलायी गयी।

संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम द्वारा विभिन्न विभागों की कुल 103 शिकायतें सुनीं गयीं। जिसमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। अधिकांश तौर पर शिकायतें राजस्व एवं चकबन्दी विभाग से संबंधित पाये जाने पर जिलाधिकारी ने राजस्व एवं चकबन्दी विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जमीन से संबंधित शिकायतों का निस्तारण टीम बनाकर किया जाए। टीम में पुलिस विभाग के कर्मचारियों को भी रखा जाए और मौके पर जाकर ही जमीन से संबंधी विवादों का निपटारा किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में अधिकारी ध्यान रखें कि शिकायत कर्ता पूर्ण रूप से संतुष्ट रहे। शिकायत कर्ता के असंतुष्ट होने पर शिकायत को निस्तारित नहीं माना जाएगा। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पहुंच छात्राओं से रूबरू हो अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं के तहत निरीक्षण किया।समाधान दिवस में विधायक श्रीकान्त कटियार द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के 40 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिए गए। लाभार्थियों के बचत खाते में प्रति लाभार्थी 5 लाख की धनराशि आहरित कर दी गयी है। विधायक एवं जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना के तहत 02 करोड़ की धनराशि से 40 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया।

इस दौरान जिला मजिस्ट्रेट अपूर्वा दुबे, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## उन्नति की अर्चना कार्यक्रमों में नरहरपुर प्राथमिक विद्यालय के बच्चों का बेहतरीन प्रदर्शन



**अखंड भारत संदेश**
**सफीपुर उन्नाव । उन्नति** की अर्चना के पाँचवें सप्ताह के कार्यक्रमों के अनुसार सप्ताह की गतिविधियों में प्राथमिक विद्यालय नरहरपुर में बच्चों द्वारा प्रति दिन नयी प्रार्थना पी टी देशभक्ति पर आधारित गीत आदि प्रस्तुत किए गए। साथ ही उन्नाव की प्रसिद्ध हस्तियों के विषय में भी बच्चों को बताया गया। सभी कार्यक्रमों में प्रधान शिक्षक सत्य प्रकाश द्विवेदी सहायक शिक्षिका रजनी कटियार व शिक्षा मित्र सुनील कुमार द्वारा बच्चों को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया। विद्यालय में विशेष पीटी व विशेष कार्यक्रम भी प्रस्तुत हुए। प्रधान शिक्षक सत्य प्रकाश द्विवेदी द्वारा बताया गया कि जिलाधिकारी उन्नाव के द्वारा उन्नति की अर्चना कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास है। सप्ताह वार निर्धारित गतिविधियों से बच्चो में उत्साह है और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे है। वहीं विकास खण्ड सफीपुर के सभी विद्यालयों में बहुत ही अच्छे से उन्नति अर्चना कार्यक्रम किये जा रहे हैं।

## जमीन पर हो गया अवैध रूप से कब्जा पीड़ित ने डीएम से लगाई फरियाद

**अखंड भारत संदेश**
**बांगरमऊ उन्नाव । तहसील सभागार** में जिला अधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया ,जिसमें फरियादियों की समस्याओं को संबंधित विभाग के अधिकारीयों/ कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि फरियादियों की समस्याओ का त्वरित निस्तारण किया जाऐ इसी क्रम में राम दुलारे पुत्र स्वर्गीय प्रयाग नारायण निवासी फतेहपुर 84 मोहल्ला गांधी नगर ने जिलाधिकारी से एसडीएम बांगरमऊ की शिकायत की कि उप जिलाधिकारी बांगरमऊ ने प्रार्थी की कब्जे वाली भूमि पर दिनेश कुमार पुत्र स्वर्गीय राधेश्याम निवासी फतेहपुर 84 को कब्जा करवा दिया है। जिससे प्रार्थी को अपूर्णीय क्षति हो रही है। इसके पूर्व में दिनांक 12-10- 2022 को जनता दरबार उन्नाव में भी प्रार्थी द्वारा शिकायत की जा चुका है। किंतु अभी तक कोई उचित कार्यवाही नहीं हुई है। फरियादी दर-दर भटकने को मजबूर है। अब देखना यह है कि संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ता द्वारा की गई शिकायत पर उसको न्याय कब तक मिल पाता है।

## मनुष्य के मुक्ति का साधन है भागवत कथा: बृजेश

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। प्रथम मुखारबिन्द में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में पांचवे दिन कथा व्यास बृजेश महाराज ने दिव्य भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का सुन्दर वर्णन किया। पूतना वध, कालिया मर्दन आदि राक्षसों के वध का वृतांत सुनाया।

शनिवार को कथा व्यास बृजेश महाराज ने राक्षसों के वध का वर्णन करते हुए कहा कि हमे अपने जीवन में किसी भी प्रकार के काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, इर्ष्या, घृणा, द्वेष को स्थान नहीं देना चाहिए। कलयुग में भगवान के




चरणों का भजन-कीर्तन ही मनुष्य का परम कर्तव्य है। कथा मुक्ति का साधन है।

पांचवे दिन कथा में सभी भक्तों ने गोवर्धन पूजन कर गोवर्धन धारण भगवान की पूजा-अर्चना करते हुए मंगलमय आरती करते हुए भाव विभोर हुए। बृजेश महाराज ने कहा कि सभी भक्तों को अपने बच्चों को धर्म, संस्कृति एवं संस्कार के बारे में प्रतिदिन जानकारी देनी चाहिए। भागवत पूजन एवं गोवर्धन पूजन कराते हुए व्यवस्थापक आचार्य आलोक महाराज, पं धर्मेन्द्र शास्त्री, सुदीप शास्त्री, जयप्रकाश शुक्ला आदि आचार्य मौजूद रहे। दिल्ली से आये हुए सभी भक्तों ने कामतानाथ की परिक्रमा कर चित्रकूटधाम की महिमा का बार-बार वर्णन किया।

## नहरों में तत्काल छोडा जाये पानी: विधायक



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट। कर्वी विधानसभा** क्षेत्र के सपा विधायक अनिल प्रधान ने जिलाधिकारी समेत सिंचाई प्रखंड प्रथम के अधिशाषी अभियंता को लिखे पत्र में कहा कि जिले के किसानों को सिंचाई की समस्याओं का सामना करना पड रहा है।

शनिवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने अधिशाषी अभियंता को लिखे पत्र में कहा कि बरुआ, चिल्लीमल समेत सभी नहरों में पानी छोड दिया जाये तो किसानों को सिंचाई में खासी राहत मिलेगी। फसल की समय से किसान बुवाई कर सकेंगे। उन्होंने बरुआ, चिल्लीमल समेत सभी नहरों में पानी चालू कराने को कहा है।

इसी क्रम में सिंचाई निर्माण खण्ड के अधिशाषी अभियंता को लिखे पत्र में कहा कि रसिन नहर में पानी छोडने से किसानों को सिंचाई से राहत मिलेगी। तत्काल रसिन नहर में पानी चालू कराकर अवगत करायें, ताकि किसान समय से फसलों की बुवाई कर सकें। उन्होंने लघुडाल नहर बांदा के अधिशाषी अभियंता को लिखे पत्र में कहा है कि किसानों को सिंचाई में भारी दिक्कतें उठानी पड रही हैं। बनकट नहर में पानी छोडने से किसानों को खासी राहत मिलेगी, समय से किसान फसलों की बुवाई का कार्य कर सकेंगे। तत्काल बनकट नहर में पानी चालू कराकर उन्हें अवगत करायें।

## सरकारी भूमि से तत्काल हटायें अवैध कब्जे: डीएम

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट। जिला**धिकारी अभिषेक आनन्द ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि आज मिली समस्याओं का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर शासन की मंशानुसार करायें।

शनिवार को राजापुर तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने तहसील में लगे दिव्यांग सशक्ति विभाग के काउंटर में सर्टिफिकेट व पेंशन, हेल्प डेस्क सेंटर, महिला कल्याण विभाग से संचालित योजनाओं, विरासत व किसान सम्मान निधि से संबंधित निस्तारण काउंटर, वित्तीय जागरूकता अभियान सेंटर को




देखा। उन्होंने कहा कि आज मिली प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, भूमि संबंधी की समस्याओं को निस्तारित करायें। वास्तविक रुप से शिकायतकर्ता को हर हाल में सुनें। मुख्यमंत्री बार-बार गुणवत्ता को लेकर निर्देश दे रहे हैं। समस्याओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से तहसील, थाना, ब्लाक स्तर पर हो जाये तो जिला मुख्यालय व शासन तक प्रार्थना पत्र नहीं पहुंचे। उन्होंने राजापुर एसडीएम प्रमोद कुमार झां से कहा कि तालाब, सडक या अन्य सरकारी भूमि के अवैध कब्जे तत्काल पुलिस बल के साथ हटायें। बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी को निर्देश दिये कि संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर निस्तारण करायें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिला पंचायत राज अधिकारी तुलसीराम के एक कदम स्वच्छता की ओर स्वच्छता बाबत शपथ दिलाई। समाधान दिवस में 122 मामले में पांच का मौके पर निस्तारण हुआ। इस मौके पर एसडीएम प्रमोद कुमार झां, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, पीडी ऋषिमुनि उपाध्याय, डीपीआरओ तुलसीराम, डीडीओ आरके त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम, बीएसए लवप्रकाश यादव, एक्सईएन राजापुर बीके कुशवाहा, बीडीओ सुनील सिंह व तहसीलदार संजय अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

## इन्दिरा गांधी की जयंती पर कांग्रेसियो ने लिया संकल्प

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट। पूर्व प्रधानमंत्री/भारत रत्न श्रीमती इन्दिरा गांधी की ज**यंती जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अध्यक्षता में मनाई गई। कांग्रेसियों ने श्रीमती गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।

शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व इन्दिरा गांधी के जयंती पर कांग्रेस कार्यालय में हुई गोष्ठी में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि श्रीमती गांधी की अगुवाई में पाकिस्तान के दो टुकडे कर दिये गये। देश की उन्नति को ढेरों कार्य किये। उनका लोहा सब लोग मानते थे। ऐसी महान विभूति को शत-शत नमन करते हैं। संकल्प लिया कि उनके बताये रास्ते पर चलकर कांग्रेस को




मजबूत करेंगे।

पीसीसी सदस्य रंजना बरातीलाल पाण्डेय ने कहा कि श्रीमती इन्दिरा गांधी को आयरन लेडी भी कहा जाता था। वह देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री थी। आज कई योजनाओं को निजीकरण का रूप दिया जा रहा है। कांग्रेसियों को एकजुट होकर विरोध करना होगा। आज के ही दिन बुन्देलखण्ड की रानी लक्ष्मीबाई का भी जन्मदिन है। वीरांगना ने अपने छोटे से बच्चे को लेकर अंग्रेजों का मुकाबला किया था। इस मौके पर अवधेश करवरिया, यमुना शुक्ला, कुलदीप द्विवेदी, राकेश वर्मा, शिवगुलाम वर्मा, चुनबाद प्रसाद, धीर सिंह, मानवेन्द्र पटेल आदि मौजूद रहे।

## यातायात पुलिस टीम ने सुरक्षित यात्रा के प्रति किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट। पुलिस** अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर यातायात माह नवम्बर 2022 सडक सुरक्षा जागरूकता अभियान में हादसे रोकने को यातायात टीम ने जागरूकता गोष्ठी में लोगों से सुरक्षित यात्रा करने के प्रति जागरूक किया। शनिवार को कृषक इंटर कालेज भौंरी में हुई गोष्ठी में प्रभारी निरीक्षक यातायात मनोज कुमार, यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव व यातायात पुलिस कर्मियों ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों



के बारे में जानकारी दी। सडक हादसों से बचने के प्रति जागरूक किया। छात्र-छात्राओं से सडक पर चलते समय यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने विद्यालय की छात्राओं को वूमेन हेल्पलाइन नम्बर 1090, डायल 112 के बारे में भी जानकारी देकर जागरूक किया। यातायात नियमों की बाबत पम्पलेट बांटे। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाचार्य एवं छात्र-छात्रायें मौजूद रहीं। इसी क्रम में ट्राफिक चैराहे में नये टीआई मनोज कुमार चैधरी ने जांच अभियान चलाया।

## इंटरसिटी 28 फरवरी तक रहेगी बन्द

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट। रेल प्र**शासन ने कोहरे के मद्देनजर चित्रकूट- कानपुर एक्सप्रेस इंटरसिटी का संचालन तीन महीने के लिए रद्द कर दिया है। वैकल्पिक व्यवस्था के रुप में शाम को कर्वी से एक टेज्न चलाई जा रही है।

शनिवार को चित्रकूटधाम कर्वी के रेलवे स्टेशन प्रबंधक आरसी यादव ने बताया कि चित्रकूट से प्रयागराज होते हुए कानपुर के लिए प्रतिदिन चलने वाली एक्सप्रेस टेज्न आगामी कालखंड में कोहरे को ध्यान में रखते हुए एक दिसम्बर से 28 फरवरी 2023 तक बन्द रहेगी। कानपुर सेंट्रल-चित्रकूटधाम टेज्न के निरस्तीकरण से संशोधित समय के साथ इन तीन महीनों में एक गाडी चित्रकूटधाम कर्वी से शाम 4.10 बजे कानपुर के लिए प्रस्थान करेगी। यह टेज्न कानपुर रात 9.35 बजे पहुंचेगी। इंटरसिटी कानपुर से कर्वी होते हुए प्रयागराज तक जाती थी।

## भारत को करें हिन्दू राष्ट्र घोषित: जगद्गुरु

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट। जगद्गुरु** रामभद्राचार्य ने दिव्यांग विश्वविद्यालय के अष्टावक्र सभागार में कहा कि भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित किया जाये। सरकार की नीतियों को जन-जन पहुंचाया जाये। गुलामी का एहसास कराने वाले नामों को बदला जाये।

शनिवार को जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने विश्व हिन्दू महासंघ के प्रतिनिधियों की सभा में ये बात कही। प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने विश्व हिन्दू महासंघ की तीन दिवसीय प्रान्तीय अधिवेशन का शुभारम्भ ध्वजारोहण व दीप जलाकर किया। प्रजापति ने कहा कि योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में भारत हिन्दू राष्ट्र बनेगा। व्यवस्था समिति की प्रमुख ज्योति करवरिया ने श्रीमती विनोद जैन, श्रीमती संतोष मिश्र, दीपक शुक्ला के साथ प्रतिनिधियों का स्वागत किया। हिन्दू राष्ट्र बनाने के समर्थन में प्रदेश महामंत्री ओमप्रकाश यादव, विष्णूकान्त चैबे, प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, विनोद सक्सेना, शरद परमार, जयशंकर केसरी, श्यामबिहारी अवस्थी ने विचार रखे। राजकुमार वाष्णे ने राष्ट्र संत अवेद्यनाथ के सामाजिक कार्यों को देखते हुए उन्हें पाठ्य पुस्तक में स्थान देने का प्रस्ताव रखा।

शरद प्रजापति ने श्री कृष्ण जन्मभूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने, सचिदानन्द सिंह ने ज्ञान व्यापी शिवलिंग की



पवित्रता बनाये रखने का प्रस्ताव रखा। योगी सरकार सर्वोत्तम सरकार का प्रस्ताव सोशल मीडिया के प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, योग हमारी प्राचीन विरासत का प्रस्ताव गंगा शर्मा कौसिक, पौराणिक स्थल को अतिक्रमण मुक्त कराने का प्रस्ताव रुद्र कुमार पाठक, जनसंख्या नियंत्रण देशहित में का प्रस्ताव अखिलेश सिंह सन्यासी सर्वोत्तम शासक होता है, का प्रस्ताव धमार्चार्य प्रमुख डॉ हरिओम पाठक ने रखा। अधिवेशन में गौरक्षा प्रमुख चैधरी योगेन्द्र सिंह, गौसंरक्षण तथा मातृशक्ति प्रमुख श्रीमती गंगा धावडे ने मातृशक्ति के उत्थान में योगी सरकार की भूमिका का प्रस्ताव रखा।

## वेश्याओं की स्थिति में सुधार की मांग उठाने वाली एक्टिविस्ट कैरल लेह का निधन

**सैन फ्रांसिस्को।** वेश्याओं के लिए और वयस्क मनोरंजन व्यवसाय में अन्य लोगों के लिए स्थितियों में सुधार करने की मांग उठाने वाली, सैन फ्रांसिस्को की कार्यकर्ता कैरोल लीग का 71 साल की उम्र में निधन हो गया। 'सैन फ्रांसिस्को क्रॉनिकल' ने बताया कि उनकी संपत्ति के प्रबंधक केट मार्केज के अनुसार, कैंसर से पीड़ित कैरोल ने अंतिम श्वांस ली। पूर्व में खुद देह व्यापार के धंधे में लिप्त रहीं कैरोल द्वारा लिखे गए एक निबंध के अनुसार, उन्होंने खुद को उन लोगों के जीवन स्तर और स्थितियों में सुधार के लिए समर्पित किया जो सेक्स वर्क इंडस्ट्री÷ में हैं।इन शब्दों का उपयोग कैरोल ने 1978 में पोर्नोग्राफी-विरोधी एक नारीवादी सम्मेलन में एक पैनल चर्चा के लिए शीर्षक के रूप में किया था। मार्केज ने कहा ''कैरोल ने यौन कर्म को अपराध के तौर पर नहीं बल्कि श्रम मुद्दे के तौर पर परिभाषित किया। देश में करीब दस लाख लोग अपने परिवार को सहारा देने के लिए यह काम करते हैं और उन्हें हर कदम पर अपमानित होना पड़ता है। इस काम को अपराध की तरह देखा जाता है।'' कैरोल ने 1996 में ''एसएफगेट'' को दिए एक साक्षात्कार में बतााया था कि उनका जन्म न्यूयार्क सिटी में हुआ था और 1977 में वह सैन फ्रांसिस्को आ गई जहां से उन्होंने रचनात्मक लेखन में स्नातक की डिग्री ली। आर्थिक कारणों से वह देह व्यापार करने लगीं लेकिन 1979 में देह व्यापार के एक केंद्र में दो व्यक्तियों ने उनके साथ बलात्कार किया। साक्षात्कार में कैरोल ने कहा था कि उन्होंने घटना की शिकायत दर्ज कराने के बजाय इस काम को छोड़ देना बेहतर समझा क्योंकि शिकायत करने पर वह केंद्र बंद हो जाता। ''मैंने स्थितियों में बदलाव लाने के लिए कुछ करने की ठानी।'

## भारतीय मूल के प्रख्यात शिक्षाविद सुनील कुमार टफ्ट्स विवि के नये अध्यक्ष बने

**सैन फ्रांसिस्को।** प्रख्यात भारतीय-अमेरिकी शिक्षाविद सुनील कुमार को मैसाचुसेट्स स्थित टफ्ट्स विश्वविद्यालय का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे इस पद पर पहुंचने वाले पहले गैर श्वेत व्यक्ति हैं। विश्वविद्यालय की ओर से जारी बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक अभी तक जॉन हॉपकिंस विश्वविद्यालय में शैक्षणिक मामलों के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रोवोस्ट के पद पर कार्यरत कुमार को टफ्ट्स विश्वविद्यालय के न्यासी बोर्ड की ओर से अगला अध्यक्ष नामित किया गया है। इसमें कहा गया है कि वह टफ्ट्स विश्वविद्यालय के 14वें अध्यक्ष के रूप में एक जुलाई, 2023 को मौजूदा अध्यक्ष एंथनी मोनाको का स्थान लेंगे।बयान में कहा गया कि कुमार इस पद पर आसीन होने वाले पहले गैर श्वेत व्यक्ति होंगे। न्यासी बोर्ड के अध्यक्ष और 'प्रेसिडेंशियल सर्च कमेटी' के अध्यक्ष पीटर डोलन ने कहा किएक नेतृत्वकर्ता, शिक्षक और सहयोगी के रूप में कुमार का असाधारण रूप से मजबूत रिकॉर्ड है। भारत में जन्मे कुमार एक पुलिस अधिकारी के बेटे हैं और इसके पहले वह 'यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो बूथ स्कूल ऑफ बिजनेस' के डीन रह चुके हैं। कुमार ने मंगलूरु विश्वविद्यालय से इंजीनिरिंग में स्नातक किया और बेंगलुरु स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (आईआईएस) से कम्प्यूटर साइसं एंव ऑटोमेशन में परास्नातक की डिग्री हासिल की। कुमार ने वर्ष 1996 में इलिनोइस विश्वविद्यालय से पीएचडी किया।कुमार के शैक्षणिक करिअर की शुरुआत स्टैनफोर्ड ग्रैजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस से हुई, जहां उन्होंने 12 साल तक अध्यापन कार्य किया। कुमार ने अपने बयान में कहा कि नये अध्यक्ष के रूप में उनकी प्राथमिकता ऐसी राह विकसित करने की होगी कि अधिक से अधिक संसाधनों को सुनिश्चित करके टफ्ट्स को यथा संभव आर्थिक रूप से वहनीय बनाया जा सके।

## म्यांमार में चीन का प्रभाव दक्षिण चीन सागर में युद्ध की नौबत ला सकता है

**म्यांमार।** म्यांमार के भाग्य के एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए बड़े निहितार्थ हैं। एक अलोकतांत्रिक म्यांमार चीन को छोड़कर किसी के हित में नहीं है, जो अपनी दो-महासागर रणनीति के अनुसरण में अपने छोटे पड़ोसी में अपने आर्थिक और सामरिक प्रभाव को मजबूत कर रहा है। इसमें म्यांमार की राजधानी यांगून के पश्चिम में निर्मित होने वाले गैस से चलने वाले बिजली संयंत्र में 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर शामिल हैं, जिसका 81त्न स्वामित्व और संचालन चीनी कंपनियों द्वारा किया जाएगा। चीन जिन दर्जनों बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को वित्तपोषित कर रहा है, उनमें हाई-स्पीड रेल लिंक और बांध शामिल हैं।लेकिन इसका सबसे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण निवेश चीन-म्यांमार आर्थिक गलियारा है, जिसमें कई दसियों अरब डॉलर की लागत वाली तेल और गैस पाइपलाइन, सड़कें और रेल लिंक शामिल हैं।

# उत्तर कोरिया ने फिर बैलेस्टिक मिसाइल दागकर अमेरिका को दिया करारा जवाब

**- अमेरिका ने उत्तर कोरिया को दी थी कड़ी सैन्य कार्रवाई शुरू करने की धमकी**

**- मिसाइल दागने पर दक्षिण कोरिया, अमेरिका, जापान समेत संयुक्त राष्ट्र ने की निंदा**

**प्योंग्यांग।** उत्तर कोरिया पर अमेरिका की दक्षिण कोरिया व जापान के साथ मिलकर दबाव बनाने की कोशिश सफल नहीं हुई है। उत्तर कोरिया ने फिर बैलेस्टिक मिसाइल दाग कर अमेरिका को करारा जवाब दिया है। उत्तर कोरिया पिछले कुछ दिनों से लगातार बैलेस्टिक मिसाइल दाग रहा है। अब तक दक्षिण कोरिया की ओर तो मिसाइलें दागी ही जाती थीं, पिछले दिनों जापान की ओर भी एक मिसाइल दागे जाने का मामला सामने आया था। इसके बाद अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने दक्षिण कोरियाई और जापानी समकक्षों के साथ त्रिपक्षीय सम्मेलन किया था। इस सम्मेलन में अमेरिका ने दक्षिण कोरिया व जापान की सुरक्षा को लेकर न सिर्फ दृढ़ प्रतिबद्धता जताई थी, बल्कि जवाब में उत्तर कोरिया के खिलाफ कड़ी सैन्य कार्रवाई शुरू करने की धमकी भी दी थी। बाइडेन ने एटमी हथियारों समेत अन्य सभी सैन्य उपायों के जरिये दक्षिण कोरिया और जापान की रक्षा की अमेरिकी प्रतिबद्धता को दोहराया था। अमेरिकी धमकी के बाद उत्तर कोरिया ने अपने पूर्वी समुद्री तट की ओर एक बैलेस्टिक



मिसाइल दागकर अमेरिका को चुनौती दी है। इस संबंध में दक्षिण कोरिया की ओर से भी प्रतिक्रिया आई है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि उत्तर कोरिया ने एक और मिसाइल का परीक्षण किया है। मिसाइल ने करीब 240 किमी की उड़ान भरी और 47 किमी की ऊंचाई तक पहुंच गई। इस लॉन्चिंग की अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया समेत संयुक्त राष्ट्र ने भी कड़ी निंदा की है।

उत्तर कोरिया के विदेश मंत्री चो सोन ह्यू ने चेताया कि प्योंगयांग के मिसाइल प्रक्षेपणों को लेकर अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान का हालिया शिखर सम्मेलन कोरियाई प्रायद्वीप में व्याप्त तनाव को अधिक अप्रत्याशित बना देगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका अपने सहयोगियों को जितनी मदद की पेशकश करेगा या कोरियाई प्रायद्वीप में जितनी अधिक उकसावे वाली सैन्य गतिविधियां संचालित करेगा, उत्तर कोरिया की जवाबी कार्रवाई उतनी ही कड़ी होगी।

# फिलिस्तीन के शरणार्थी शिविर में भीषण अग्निकांड, नौ बच्चों सहित 21 की मौत

**- फिलिस्तीन सरकार ने घटना को राष्ट्रीय त्रासदी घोषित किया**

**जेरुसलम।** फिलिस्तीन के गाजा पट्टी क्षेत्र के शरणार्थी शिविर की एक इमारत में भीषण अग्निकांड से नौ बच्चों सहित 21 लोगों की मौत हो गयी। फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने इस घटना को राष्ट्रीय त्रासदी घोषित किया है। उन्होंने मरने वालों के प्रति संवेदना भी व्यक्त की है।

फिलिस्तीन की गाजापट्टी क्षेत्र के जाबालिया शरणार्थी शिविर में एक चार मंजिला रिहायशी इमारत में अचानक भीषण आग लग गयी। हादसे की शिकार आवासीय इमारत अबू रायाह परिवार की थी। इस परिवार का एक सदस्य लंबे



समय बाद मिस्र से लौटा था। उसके लौटने की खुशी में लोग जश्न मना रहे थे। इसी दौरान वहां इमारत की ऊपरी मंजिल से आग शुरू हुई, फिर धीरे-धीरे पूरी इमारत में फैल गयी। आनन-फानन दमकल व सहायता कर्मियों को भेजा गया। दमकल गाड़ियों को घंटों की मशक्कत के बाद आग बुझाने में सफलता मिली। इस दौरान आग की चपेट में आकर 21 लोगों की मौत हो गयी। मरने वालों में नौ बच्चे भी शामिल थे। इलाका घनी आबादी वाला होने के कारण आग बुझाने में भी अतिरिक्त मशक्कत करनी पड़ी। भारी संख्या में लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें जाबालिया के निकटवर्ती इंडोनेशियाई अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल के प्रमुख सालेह अबू लैला ने नौ बच्चों के शवों को अस्पताल लाए जाने की बात कही। साथ ही कुल मिलाकर 21 शव अस्पताल पहुंचाए गए।

फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने इस घटना को राष्ट्रीय त्रासदी घोषित किया है। उन्होंने मरने वालों के प्रति संवेदना भी व्यक्त की है।

## संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान का झूठ उजागर, भारत ने लगाई फटकार




**-भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान का समूह जी-4 भी सक्रिय**

**-जी-4 ने उठाई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार की मांग**

**न्यूयार्क।** पाकिस्तान हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर कश्मीर मसले पर झूठ बोलता रहता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में भी पाकिस्तान ने कश्मीर मसले पर झूठ बोला, तो भारत ने उसे उजागर करते हुए जोरदार फटकार लगाई।

संयुक्त राष्ट्र महासभा में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों को लेकर चर्चा चल रही थी। उसी चर्चा के दौरान पाकिस्तान के एक प्रतिनिधि ने जम्मू-कश्मीर का मसला उठा दिया। इस पर भारत की ओर से तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त की गयी। इस मसले पर जवाब देते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत के स्थायी मिशन प्रतीक माथुर ने पाकिस्तान की इस कोशिश को झूठ फैलाने का हताश प्रयास करार दिया। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में दुनिया के तमाम देश संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों पर चर्चा के लिए जुटे थे, तभी पाकिस्तानी प्रतिनिधि ने फिर से जम्मू-कश्मीर का बेफिजूल संदर्भ उठा दिया। इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है, भले ही पाकिस्तान का प्रतिनिधि कुछ भी मानता हो। उन्होंने कहा कि झूठ फैलाने के हताश पाकिस्तानी प्रयास और बहुपक्षीय मंचों का दुरुपयोग करने की बुरी आदत वास्तव में सामूहिक अवमानना है।

इससे पहले भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान की सदस्यता वाले चार देशों के समूह जी-4 ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को चेतावनी दी थी कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार को जितना टाला जाएगा, उसके प्रतिनिधित्व में उतनी ही कमी आएगी। जी-4 की ओर से कहा गया था कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सदस्यता में विस्तार करके ही मौजूदा संघर्षों से प्रभावी तरीके से निपटा जा सकेगा।

संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने कहा कि 43 साल पहले 1979 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के एजेंडा में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में समान प्रतिनिधित्व पर प्रस्ताव को शामिल किया गया था। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि चार दशक से अधिक समय बीत जाने के बाद भी इस मुद्दे पर कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है।

# जी-20 संयुक्त घोषणा में प्रधानमंत्री की टिप्पणी 'आज का युग युद्ध का नहीं' को प्रमुखता

**इसके लिए व्हाइट हाउस ने की जमकर तारीफ, कहा- भारत की भूमिका महत्वपूर्ण**

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने (स्थानीय समयानुसार) को यूक्रेन-रूस संघर्ष की पृष्ठभूमि में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए की गई भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणी 'आज का युग युद्ध का नहीं है' को जी-20 शिखर सम्मेलन की संयुक्त घोषणा में जोड़ने की जीभर कर तारीफ की है। व्हाइट हाउस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भूमिका महत्वपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री का यह संदेश इंडोनेशिया के बाली में जी-20 संयुक्त घोषणा के निष्कर्ष का अहम हिस्सा बन गया है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव काराइन जीन पियरे ने ब्रीफिंग में कहा कि अमेरिका मानता है कि जी-20 शिखर सम्मेलन सफल रहा। पियरे ने सम्मेलन की सफलता में राष्ट्रपति जो बाइडेन, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो की भूमिका को रेखांकित किया। पियरे ने कहा- 'हमने जी-20 शिखर सम्मेलन सफल किया। राष्ट्रपति बाइडन ने मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति से बात की। भारत ने शिखर सम्मेलन की घोषणा पर बातचीत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मोदी ने स्पष्ट किया कि आज का युग युद्ध का नहीं होना चाहिए।

उन्होंने कहा भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन-रूस संघर्ष की पृष्ठभूमि में इस साल सितंबर में समरकंद में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के इतर एक द्विपक्षीय बैठक में पुतिन को दिए अपने बयान में भी कहा था- 'आज का युग युद्ध का नहीं है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव पियरे ने खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा चुनौतियों को दूर करने में मोदी की भूमिका की भी सराहना की और भारत के जी20 प्रेसीडेंसी के लिए अमेरिकी समर्थन को दोहराया। जीन पियरे ने कहा- 'हमने मौजूदा खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा चुनौतियों और एक लचीली वैश्विक अर्थव्यवस्था के निर्माण के प्रयासों को गंभीरता से लिया है। हम अगले साल भारत के जी-20 अध्यक्ष का समर्थन करने के लिए तत्पर हैं।'उल्लेखनीय है कि बाली जी-20 शिखर सम्मेलन के बाद अब सभी की निगाहें भारत पर हैं। अगले साल नई दिल्ली अपने एजेंडे में वैश्विक दक्षिण और उन्नत दोनों देशों के बीच बेहतर सहयोग का माहौल तैयार करेगी। एजेंडा संभावित रूप से साझा वैश्विक शांति और समृद्धि और उभरती वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए क्षमता निर्माण के लिए सतत और समान विकास के लिए सहयोग होगा।

**यह है बाली जी-20 संयुक्त घोषणा:** बाली जी-20 संयुक्त घोषणा के अनुसार- 'शांति और स्थिरता की रक्षा करने वाले अंतरराष्ट्रीय कानून और बहुपक्षीय प्रणाली को बनाए रखना आवश्यक है।

इसमें संयुक्त राष्ट्र के चार्टर में निहित उद्देश्यों और सिद्धांतों की रक्षा करना और सशस्त्र संघर्षों में नागरिकों और बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सहित अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करना शामिल है। आज का युग युद्ध का नहीं होना चाहिए।'

# फ्रांस ने उठाया सुरक्षा परिषद में भारत की स्थाई सीट का मामला, कहा- शक्तिशाली दुनिया में संतुलन जरूरी

**लंदन।** ब्रिटेन के बाद फ्रांस ने भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थाई सदस्यता का मामला उठाया है। संयुक्त राष्ट्र में फ्रांस की उप स्थायी प्रतिनिधि नथाली ब्रॉडहर्स्ट ने कहा है कि वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्य के रूप में भारत, जर्मनी, ब्राजील और जापान का समर्थन करती हैं। उन्होंने कहा, नई शक्तियों के उद्भव को ध्यान में रखने की आवश्यकता है। इसलिए, उन देशों को ध्यान में रखना चाहिए जो शक्तिशाली हैं कि सुरक्षा परिषद में दुनिया के और अधिक प्रतिनिधि हों, जिससे उसके अधिकार और




प्रभावशीलता को मजबूत किया जा सके।

**ब्रिटेन ने भी भारत का किया समर्थन**

इससे पहले ब्रिटेन ने भी भारत की स्थाई सदस्यता का समर्थन किया था। यूएन में ब्रिटेन की स्थायी प्रतिनिधि बारबरा वुडवर्ड ने भारत, जर्मनी, जापान और ब्राजील के लिए नई स्थाई सीटों की मांग की है। बारबरा वुडवर्ड ने कहा कि ब्रिटेन लंबे समय से सुरक्षा परिषद के विस्तार की मांग कर रहा है। हम भारत, जर्मनी, जापान और ब्राजील के लिए नई स्थायी सीटों की व्यवस्था के साथ-साथ स्थायी अफ्रीका के स्थाई प्रतिनिधित्व का भी समर्थन करते हैं। बता दें, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के वर्तमान में पांच स्थाई सदस्य हैं। इनमें अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस व ब्रिटेन शामिल हैं। वैश्विक आबादी व अर्थव्यवस्था व नई भू राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए स्थाई सदस्य देशों की संख्या बढ़ाने की मांग लंबे समय से हो रही है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्

Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## हजारों अफगानों को ईरान की सीमा पर धकेल रहा तुर्की, मानवाधिकार रिपोर्ट में दावा

**काबुल।** तुर्की हजारों अफगान शरणार्थियों को नियमित रूप से ईरान से सटी सीमा से धकेल कर अफगानिस्तान भेज रहा है। ह्यूमन राइट्स वॉच की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। अफगानिस्तान की टोलो न्यूज ने मानवाधिकारों का हवाला देते हुए कहा कि इनकी कोई अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा जांच नहीं की जा रही है। ह्यूमन राइट्स वॉच ने यह भी पाया कि तुर्की में अफगानों को अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए पंजीकरण कराने से रोका जा रहा है। इन अफगानों को शरणार्थी का दावा करने का भी कोई अवसर नहीं दिया जाता है।

तुर्की ने 2022 के पहले आठ महीनों में 44, 768 अफगानों को हवाई मार्ग से काबुल भेजा था। यह संख्या 2021 के पहले आठ महीनों की तुलना में 150 प्रतिशत अधिक है। अफगानिस्तान पर अगस्त 2021 में तालिबान ने फिर काबिज होकर देश को इस्लामिक अमीरात का रूप दिया है। मानवाधिकार संगठन की 73 पन्नों की रिपोर्ट में कहा गया है कि तुर्की द्वारा अफगानियों को निकाले जाने से संकट गहरा गया है। तुर्की से हाल ही में निर्वासित किए गए कुछ अफगानों ने देश लौटने के दौरान तुर्की पुलिस के दुर्व्यवहार का आरोप लगाया।

अंतरराष्ट्रीय संबंधों के विशेषज्ञ नासिर अहमद तरेकी का कहना है कि तुर्की, ईरान और पाकिस्तान से अफगान प्रवासियों का जबरन निष्कासन शरणार्थियों संबंधी अंतरराष्ट्रीय कानूनों और समझौतों का स्पष्ट उल्लंघन है। इससे इन अफगानों का जीवन खतरे में पड़ सकता है। इससे पहले, अफगानिस्तान के शरणार्थी और प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने कहा था कि तुर्की ने अफगान शरणार्थियों को निर्वासित नहीं करने का वादा किया था। शरणार्थियों की समस्या को हल करने के लिए काबुल और अंकारा के बीच एक संयुक्त आयोग की स्थापना की गई है। इस बीच, कुछ विश्लेषकों ने कहा कि पिछले छह महीनों के भीतर लगभग 1,90,000 अफगानों को ईरान से निर्वासित किया गया है। विश्लेषकों के अनुसार, देश में नौकरियों की कमी और मानवाधिकारों के उल्लंघन ने लोगों को अवैध तरीकों से ईरान और तुर्की जैसे पड़ोसी देशों में जाने के लिए मजबूर किया है।

# भारत के साथ व्यापार समझौते को मंजूरी की सिफारिश, ऑस्ट्रेलिया संसदीय समिति का फैसला

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया में संधियों से जुड़ी संसदीय समिति ने सरकार से भारत के साथ व्यापार समझौते को मंजूरी देने की सिफारिश की है। इस पर इस साल दो अप्रैल को हस्ताक्षर किए गए थे। भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते (एआई-ईसीटीए) को लागू करने से पहले ऑस्ट्रेलियाई संसद द्वारा मंजूरी की आवश्यकता है। भारत में इस तरह के समझौतों को केंद्रीय मंत्रिमंडल मंजूरी देता है।

ऑस्ट्रेलियाई संसद की तरफ से जारी विज्ञप्ति के अनुसार समझौतों पर संयुक्त स्थायी समिति ने ऑस्ट्रेलिया सरकार को एआई-ईसीटीए की पुष्टि करने की सिफारिश की है।



समिति के चेयरमैन जोश विल्सन एमपी ने कहा कि भारत के साथ समझौते को जल्द मंजूरी मिलने से आगे व्यापार, बाजार पहुंच, निवेश और नियमन का मार्ग प्रशस्त होगा जिसके लिए वैश्विक सहयोग की आवश्यकता है। समिति ने हालांकि, परामर्श की सीमा और गुणवत्ता, वार्ता की पारदर्शिता और व्यापार समझौतों के स्वतंत्र मॉडलिंग और विश्लेषण की कमी के बारे में चिंता व्यक्त की है।

समझौते के तहत, ऑस्ट्रेलिया लगभग 96.4 प्रतिशत निर्यात (मूल्य के आधार पर) के लिए भारत को शून्य सीमा शुल्क पहुंच की पेशकश कर रहा है। इसमें कई उत्पाद ऐसे हैं जिस पर वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया में चार से पांच प्रतिशत का सीमा शुल्क लगता है। वित्त वर्ष 2021-22 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 8.3 अरब डॉलर का माल निर्यात तथा 16.75 अरब डॉलर का आयात किया था।

**आतंकवाद-विरोधी सहयोग क्वाड के लिए एक समृद्ध संभावित एजेंडा**

ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि आतंकवाद का मुकाबला क्वाड के लिए सही मायनों में समृद्ध संभावित एजेंडा था क्योंकि आतंकवाद से उत्पन्न खतरे कई रूप में सामने आए थे। आतंकवाद-विरोधी सहयोग वास्तव में क्वाड के लिए एक समृद्ध संभावित एजेंडा है, क्योंकि यह कुछ ऐसा है जिस पर हम वास्तव में मौलिक स्तर पर सहमत हैं। यह वास्तव में क्वाड के लिए एक महत्वपूर्ण एजेंडा है। ऑस्ट्रेलियाई सहायक विदेश मंत्री टिम वाट्स ने यहां ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में यह बात कही। वाट्स आतंकवाद-विरोधी वित्तपोषण पर तीसरे 'नो मनी फॉर टेरर' मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए दिल्ली में हैं।

चतुर्भुज सुरक्षा संवाद जिसे लोकप्रिय रूप से क्वाड के रूप में जाना जाता है, ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका द्वारा 2007 में शुरू किया गया था। 2017 में भारत-प्रशांत क्षेत्र में चीन की आक्रामकता के खिलाफ इसे फिर से सक्रिय किया गया।

वाट्स ने कहा, क्वाड का सामूहिक हिस्सा इसके हिस्सों के योग से अधिक है। हम उन रणनीतिक चुनौतियों से निपट रहे हैं जिनका हम सामना कर रहे हैं, हमारे क्षेत्र में स्थिरता की चुनौतियां हैं। हम साथ मिलकर काम कर रहे हैं।